   1. जैविक संदूषक कार्बन स्रोत उपलब्ध कराते हैं।
   2. जीवाणु निम्नीकृत हो रहे संदूषकों द्वारा शुद्ध ऊर्जा प्राप्त नहीं करते हैं।
   3. जीवाणु ऑक्सीकृत या अपचयित प्रजातियां उत्पादित कर सकते हैं जो धातुओं के अवक्षेपण का कारण हो सकते हैं।
   4. जीवाणु वायवीय और अवायवीय श्वसन द्वारा संदूषकों पर क्रिया करते हैं।

70. In bioremediation by microorganisms detailed below, choose the **INCORRECT** option?
   1. The organic contaminants provide a source of carbon.
   2. The bacteria do not get net energy by degrading contaminants.
   3. Bacteria can produce oxidized or reduced species that can cause metals to precipitate.
   4. Bacteria act on contaminants by aerobic and anaerobic respiration.

# भाग/PART- C

71. प्रोटीन वलयन की तापगत्यात्मकता को नीचे एक मुक्त ऊर्जा कूप के रुप में चित्रित किया गया है:





आलेख में वर्णित क्षेत्रों (कॉलम X) और उनके निरुपण (कॉलम Y) को नीचे दिया गया है।

| X | Y |
|---|---|
| A. | (i) प्राकृतिक संरचना |
| B. | (ii) उच्चतम एंट्रोपी वाली संरचना |
| C. | (iii) गलित गोलिका |
| D. | (iv) असतत वलयित मध्यस्थ |

निम्नलिखित में से सुमेल चुनिए:
1. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)
2. A – (i); B – (ii); C – (iii); D – (iv)
3. A – (iii); B – (iv); C – (ii); D – (i)
4. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)

71. Thermodynamics of protein folding is depicted as a free energy funnel below:




Given below are regions in the diagram (Column X) and their representation (Column Y)

| X | Y |
|---|---|
| A. | (i) Native structure |
| B. | (ii) Structure with highest entropy |
| C. | (iii) Molten globule |
| D. | (iv) Discrete folding intermediates |

Choose the option that shows all correct matches
1. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)
2. A – (i); B – (ii); C – (iii); D – (iv)
3. A – (iii); B – (iv); C – (ii); D – (i)
4. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)

72. नीचे तालिका में कोशिकांगों की सूची (कॉलम- A); और कोशिकांगों में प्रोटीनों को लक्ष्य करने वाले संकेतों (कॉलम-B) को दर्शाया गया है

| A | B |
|---|---|
| a. लाइसोसोम | (i) लाइसिन और आर्जिनीन अवशिष्टों से समृद्ध अमीनो अम्ल अनुक्रम का संगठन |
| b. माइटोकांड्रिया | (ii) सी-टर्मिनल ट्राइपेप्टाइड |
| c. केंद्रक | (iii) लाइसिन और आर्जिनीन से समृद्ध एन-टर्मिनल उभयपथी हेलिक्स |
| d. परॉक्सीसोम | (iv) मैनोज़-6-फास्फेट |

निम्नलिखित में से सुमेल चुनिए:
1. a – (ii) ; b – (iii) ; c – (iv) ; d – (i)
2. a – (ii) ; b – (iv) ; c – (iii) ; d – (i)
3. a – (iv) ; b – (iii) ; c – (i) ; d – (ii)
4. a – (iv) ; b – (iii) ; c – (ii) ; d – (i)

72. Table below shows the list of organelles (Column A); and the signals (Column B) that target proteins to the organelle

| A | | B |
|---|---|---|
| a. Lysosome | (i) | Stretch of amino acid sequence rich in Lys and Arg residues |
| b. Mitochondria | (ii) | C-terminal tripeptide |
| c. Nucleus | (iii) | N-terminal amphipathic helix rich in Lys and Arg |
| d. Peroxisome | (iv) | Mannose-6-Phosphate |

Choose the option that shows all correct matches

1. a – (ii) ; b – (iii) ; c – (iv) ; d – (i)
2. a – (ii) ; b – (iv) ; c – (iii) ; d – (i)
3. a – (iv) ; b – (iii) ; c – (i) ; d – (ii)
4. a – (iv) ; b – (iii) ; c – (ii) ; d – (i)

73. निम्नलिखित कथन मानव कोशिका में क्रोमेटिन पुन:मॉडलन के बारे में तैयार किए गए हैं:

A. उन्नायक के स्थानीय डीएनए अनुक्रम की तुलना में स्थानीय क्रोमेटिन संरुपण अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

B. न्यूक्लियोसोम में हिस्टोन के अनेक विभिन्न सहसंयोजी रुपांतरण हो सकते हैं,जिससे स्थानीय स्तर पर क्रोमेटिन की संरचना बदल जाती है

C. क्रोमेटिन पुन:प्रतिरुपण एक विकासीय स्तर पर नियामक निष्क्रिय प्रक्रिया है, जिसमें एटीपी की आवश्यकता नहीं होती है।

D. अनेक हिस्टोन परिवर्त पाए जाते हैं,जो क्रोमेटिन के विशिष्ट प्रकारों में मानक हिस्टोनों को प्रतिस्थापित करते हैं।

सही उत्तरों के संयोजन वाला विकल्प चुनिए

1. A, C, D
2. A, B, C
3. A, B, D
4. B, C, D

73. Following statements are made about chromatin remodelling in human cells:

A. Local chromatin conformation may play more important role than the local DNA sequence of the promoter.

B. Histones in nucleosome can undergo many different covalent modifications, which in turn, alter the chromatin architecture locally.

C. Chromatin remodelling is a developmentally regulated passive process which does not require ATP.

D. Several histone variants exist, which replace the standard histones in specific types of chromatin.

Select the option that has the combination of all correct answers.

1. A, C, D
2. A, B, C
3. A, B, D
4. B, C, D

74. एक प्रयोग में, विद्यार्थी ने स्तनधारी पोषी कोशिका को कोशिकाद्रवीय आरएनए विषाणु से संक्रमित कराया। विभिन्न समय अंतरालों पर अंतराकोशिकीय विषाणु आरएनए के मापन द्वारा विषाणु वृद्धि को जांचा गया। यह देखा गया कि विषाणु आरएनए अनुमापांक धीरे धीरे समय के साथ नीचे चला गया,विशेषरुप से संक्रमण के 12 घण्टों के बाद। निम्नलिखित कुछ संभावनाएं हैं, जो इस प्रेक्षण की व्याख्या कर सकती हैं।

A. विषाणु संक्रमण ने एमआई आरएनए के उच्च विनियमन को प्रवर्तित किया, जिससे संभवत: पोषी के उन कारकों का निम्न विनियमन हुआ जोकि विषाणु के आरएनए प्रतिरुपण के लिए महत्वपूर्ण है।

B. विषाणु संभवत: एमआई आरएनए का कूट लेखन करता है, जो कि इसके अपने स्वप्रतिकृतिकरण का नियंत्रण करता है

C. एक विषाणु प्रोटीन तीव्र प्रसार को रोकने के लिए विषाणु आरएनए के प्रतिकृतिकरण को अवरुद्ध करता है।

D. विषाणु आरएनए समय के साथ केंद्रक में आता है और इसलिए संक्रमण के 12 घण्टों के बाद कोशिकाद्रव्य में नहीं खोजा जा सकता।

निम्नलिखित विकल्पों में सभी सही कथनों वाला विकल्प कौन सा है?

1. A, B तथा C
2. A, C तथा D
3. A, B तथा D
4. B, C तथा D

74. In an experiment, the student has infected mammalian host cell with cytoplasmic RNA virus. The virus growth was monitored by measuring the intracellular viral RNA at different time intervals. It was observed that viral RNA titre progressively went down with time, particularly 12 hours post infection. Following are few possibilities which can explain this observation.

A. The virus infection triggered upregulation of miRNAs that might have downregulated the host factor critical for viral RNA replication.

B. The virus might encode miRNAs that regulate (inhibits) its own replication.

C. One of the viral proteins inhibits replication of the viral RNA to restrict rapid proliferation.

D. Viral RNA goes to nucleus with time and thus not detectable in the cytoplasm 12 hour post infection.

Which one of the following options has all correct statements?

1. A, B and C
2. A, C and D
3. A, B and D
4. B, C and D

75. गुणसूत्रीय विन्यास के निरपेक्ष, एक एकल X-गुणसूत्र सभी द्विगुणित मानव कायिक कोशिका रेखाओं में सक्रिय बने रहते हैं। उपर्युक्त घटना के लिए निम्नलिखित क्रियाविधियों में कौन सी एक सर्वोत्तम स्पष्टीकरण प्रदान करती है?
   1. माता से आनुवांशिक तौर पर मिला X-गुणसूत्र डीएनए मेथाइलिकरण से बचाव द्वारा सक्रिय बने रहने के लिए विकासीय तौर पर तैयार रहता है।
   2. गुणसूत्रीय विशिष्ट अभिव्यक्ति और X-गुणसूत्रों में से एक में रॉक्स 1 को बांधकर उसकी ज़िस्ट मध्यस्थ मूकता से रक्षा करता है।
   3. एक ज़िक विस्थल को अवरुद्ध करने के लिए *टी-सिक्स* जीन पर्याप्त ज़िस्ट प्रतिप्रकुट आरएनए उत्पादित करता है।
   4. एक ज़िक विस्थल को अवरुद्ध करने के लिए कोशिका पर्याप्त अवरुद्ध कारक उत्पादित करती है।

75. Irrespective of the chromosomal configure-ation, a single X-chromosome remains active in all diploid human somatic cell lines. Which one of the following mechanisms best accounts for the above phenomenon?
   1. A maternally inherited X-chromosome is developmentally programmed to remain active by avoiding DNA methylation.
   2. Chromosome specific expression and binding of rox1 to one of the X-chromosomes protects it from Xist mediated silencing.
   3. The *T-six* gene produces just enough of the Xist antisense RNA to block one Xic locus.
   4. A cell produces just enough of the blocking factor to block one Xic locus.

76. यूकेरियोटिक कोशिकाओं में, प्रतिकृति उद्भव से प्रतिकृतिकरण की शुरुआत प्रति कोशाचक्र में केवल एक बार होती है तथा एस-अवस्था सीडीकेएस (CDKs) डीएनए प्रतिकृतिकरण के नियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। खमीर मुकुलन में उद्भव अभिज्ञान सम्मिश्र (ओआरसी) के नाम से जाना जाने वाला एक प्रोटीन सम्मिश्र $G_1$ के दौरान डीएनए प्रतिकृतिकरण उद्भव के साथ संबद्ध होता है; हालांकि, उत्पत्तिस्थल S-अवस्था की शुरुआत में केवल एक बार अनुप्राणित होता है। डीएनए प्रतिकृतिकरण $G_1$ में आरम्भ नहीं होता है क्योंकि:
   A. एमसीएम हेलिकेज़ $G_1$ में निष्क्रिय होते हैं।
   B. तर्कु परीक्षणकाल $G_1$ में सक्रिय होता है।
   C. डीएनए पालीमेरेज़ $G_1$ में नियुक्त नहीं होता है।
   D. ओआरसी तथा प्रारम्भ कारक Cdc6 एवम् Cdt1 $G_1$ में प्रतिकृतिकरण के प्रारम्भण स्थल में एमसीएम हेलिकेज़ को नियुक्त नहीं होने देते हैं।

   उपर्युक्त में से कौन सा कथन सत्य है?
   1. A तथा B
   2. A तथा C
   3. B तथा C
   4. B तथा D

76. In eukaryotic cells, replication initiation from a replication origin occurs only once per cell cycle and S-phase CDKs play a vital role in the regulation of DNA replication. In budding yeast a protein complex known as the origin recognition complex (ORC) is associated with DNA replication origin during $G_1$; however, origins fire only once at the beginning of S-phase. DNA replication does not start in $G_1$ because:
   A. MCM helicases are inactive in $G_1$
   B. Spindle checkpoint is active in $G_1$
   C. DNA polymerase is not recruited in $G_1$
   D. ORC and initiation factors Cdc6 and Cdt1 do not recruit MCM helicase to the site of replication initiation in $G_1$

   Which of the above statements are correct?
   1. A and B
   2. A and C
   3. B and C
   4. B and D

77. जीवे स्थिति में एक्टिन ट्रेडमिलिंग की दर के मापन दर्शाते हैं कि यह पात्रे स्थिति में शुद्ध एक्टिन के साथ प्राप्त हो सकने वाले परिणामों की तुलना में कई गुना उन्नतर हो सकते हैं। पात्रे स्थिति में ट्रेडमिलिंग निम्नलिखित की उपलब्धता द्वारा बढ़ाई जा सकती है
   A. प्रोफिलिन जो न्यूक्लिओटाइड बंधन क्लेफ्ट के विपरीत स्थित स्थल पर जी-एक्टिन को बांधता है।
   B. कोफिलिन विशेषतौर पर एडीपी युक्त एफ-एक्टिन को बांधता है और एक्टिन तंतु को अस्थिर करता है।
   C. एटीपी तथा धनायनों के निम्न स्तरों के साथ उभयरोध करके
   D. एडीपी तथा धनायनों के निम्न स्तरों के साथ उभयरोध करके

   उपर्युक्त में से कौन सा कथन सत्य है?
   1. A तथा D
   2. A तथा C
   3. C तथा D
   4. A तथा B

77. Measurements of the rate of actin treadmilling *in vivo* show that it can be several times higher than can be achieved with pure actin *in vitro*. The treadmilling *in vitro* can be enhanced by providing

A. profilin that binds G-actin on the site opposite the nucleotide binding cleft.
B. cofilin binds specifically to the ADP containing F-actin and destabilizes the actin filament.
C. buffer with ATP and low levels of cations.
D. buffer with ADP and low levels of cations.

Which of the above statements are correct?

1. A and D
2. A and C
3. C and D
4. A and B

78. pH 4.0 तथा pH 10.0 वाले घोलों के एक समान आयतनों को लेकर मिलाया गया। इस प्रकार बने घोल का pH लगभग कितना होगा?

1. 7.0
2. 5.0
3. 6.0
4. 4.0

78. Equal volumes of pH 4.0 and pH 10.0 solutions are mixed. What will be the approximate pH of the final solution?

1. 7.0
2. 5.0
3. 6.0
4. 4.0

79. अमीनो अम्ल उपापचय की अंतर्जात त्रुटि, एल्केप्टोन्यूरिया, निम्नलिखित में से किस एक एंजाइम की कमी के कारण होती है:

1. फ्यूमैरिल एसीटोएसीटेट हाइड्रोलेज़
2. α-कीटोएसिड डीकार्बोक्सीलेज़
3. होमोजेनटिसेट ऑक्सीडेज़
4. पी-हाइड्रॉक्सीफेनिल पाइरुवेट डीहाइड्रॉक्सीलेज़

79. The inborn error of amino acid metabolism, alkaptonuria, is due to the lack of one of the following enzymes:

1. Fumaryl acetoacetate hydrolase
2. α-ketoacid decarboxylase
3. Homogentisate oxidase
4. p-hydroxyphenylpyruvate dehydroxylase

80. 100 अवशिष्टों वाली एक प्रोटीन की संरचना का निर्धारण परमाणुविक विभेदन के स्तर पर एक्स-रे विश्लेषण तथा एनएमआर वर्णक्रममापी द्वारा किया गया। निम्नलिखित प्रेक्षण सम्भव हैं-

A. एक्स-रे संरचना तथा एनएमआर से निर्धारित द्वितल कोणें समरूप होंगे।
B. एक्स-रे संरचना द्वारा निर्धारित द्वितल कोण अधिक परिशुद्ध होंगे।
C. β-घुमावें केवल एनएमआर द्वारा ही निर्धारित किए जा सकते हैं।
D. β-चादरें एक्स-रे संरचना द्वारा अधिक परिशुद्धता से निर्धारित की जा सकती हैं।

सभी सही उत्तरों के संयोजन बताइए

1. A तथा C
2. B तथा D
3. B तथा C
4. A तथा D

80. The structure of a protein with 100 residues was determined by X-ray analysis at atomic resolution and NMR spectroscopy. The following observations are possible.

A. The dihedral angles determined from the X-ray structure and NMR will be identical.
B. The dihedral angles determined from the X-ray structure will be more accurate.
C. β-turns can be determined only byNMR.
D. β-sheets can be more accurately determined from the X-ray structure.

Indicate the combination with ALL correct answers

1. A and C
2. B and D
3. B and C
4. A and D

81. टीआरएनए संरचना में विभिन्न भुजाओं को कॉलम- A में दिखाया गया है। विभिन्न भुजाओं से संबद्ध विशिष्ट लक्षणों को कॉलम- B में दर्शाया गया है।

| कॉलम A | | कॉलम B | |
|---|---|---|---|
| A. | ग्राही भुजा | (i) | डाइहाइड्रोयूरीडिन |
| B. | प्रतिप्रकूट भुजा | (ii) | 7 बीपी स्टेम तथा सीसीए अनुक्रम |
| C. | टीψसी भुजा | (iii) | 5 बीपी स्टेम |
| D. | डी-भुजा | (iv) | स्यूडोयूरीडिन |

निम्नलिखित में से सही सुमेल चुनिए:

1. A – (ii); B – (iv); C – (i); D – (iii)
2. A – (i); B – (iii); C – (iv); D – (ii)
3. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)
4. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)

81. The different arms in the tRNA structure are shown in Column A. The specific signatures associated with the different arms are shown in Column B.

| COLUMN A | | COLUMN B | |
|---|---|---|---|
| A. | Acceptor arm | (i) | Dihydrouridine |
| B. | Anticodon arm | (ii) | 7 bp stem and CCA sequence |
| C. | TΨC arm | (iii) | 5 bp stem |
| D. | D-arm | (iv) | Pseudouridine |

Choose the correct matches from the following:

1. A – (ii); B – (iv); C – (i); D – (iii)
2. A – (i); B – (iii); C – (iv); D – (ii)
3. A – (iv); B – (i); C – (ii); D – (iii)
4. A – (ii); B – (iii); C – (iv); D – (i)

82. विशिष्ट रासायनिक समूहों के क्षणिक वाहकों के रुप में काम करने वाले कुछ सहएंजाइमों को नीचे दर्शाया गया है।

| सहएंजाइम | | स्थानांतरित रासायनिक समूह | |
|---|---|---|---|
| A. | सहएंजाइम ए | (i) | इलेक्ट्रॉन |
| B. | फ्लेविन एडिनीन डाइन्यूक्लिओटाइड | (ii) | एसिल समूह |
| C. | पायरीडॉक्सल फास्फेट | (iii) | हाइड्राइड आयन |
| D. | निकोटिनामाइड एडिनीन डाइन्यूक्लिओटाइड | (iv) | अमीनो समूह |

निम्नलिखित में से सुमेल चुनिए:

1. A – (i); B – (ii); C – (iii); D – (iv)
2. A – (ii); B – (i); C – (iv); D – (iii)
3. A – (iii); B – (iv); C – (ii); D – (i)
4. A – (iv); B – (iii); C – (i); D – (ii)

82. Some coenzymes that serve as transient carriers of specific chemical groups are shown below

| Coenzyme | | Chemical group transferred | |
|---|---|---|---|
| A. | Coenzyme A | (i) | Electrons |
| B. | Flavin adenine dinucleotide | (ii) | Acyl groups |
| C. | Pyridoxal phosphate | (iii) | Hydride ions |
| D. | Nicotinamide adenine dinucleotide | (iv) | Amino groups |

Choose the combination with all correct matches

1. A – (i); B – (ii); C – (iii); D – (iv)
2. A – (ii); B – (i); C – (iv); D – (iii)
3. A – (iii); B – (iv); C – (ii); D – (i)
4. A – (iv); B – (iii); C – (i); D – (ii)

83. एक प्रयोगशाला परीक्षण में यह देखा गया कि 'विषाणु A' तथा 'विषाणु B' दोनों स्तनधारीय पोषक कोशिका को संक्रमित कर सकते हैं, जब उसको उनसे अलग-अलग संक्रमित किया गया। रोचक यह था कि, यदि कोशिकाओं को पहले 'विषाणु A' (बड़े एमओआई सहित) से संक्रमित किया जाता है, तो 'विषाणु B' उस कोशिका को संक्रमित नहीं कर पाता है। यदि 'विषाणु B' (बड़े एमओआई सहित) को पहले मिलाकर फिर 'विषाणु A' मिलाया जाता है, तो दोनों विषाणु कोशिका को संक्रमित कर सकते हैं। हांलाकि, 'विषाणु A' का संक्रमण बहुत सीमित पाया गया। X और Y को ग्राही/सह-ग्राही मानते हुए, जो विषाणु के प्रवेश में भागीदार हो सकते हैं, निम्नलिखित कुछ सम्भावनाएं हैं, जो प्रेक्षण की व्याख्या कर सकती है।

A. 'विषाणु A', 'X' को ग्राही तथा Y को सह-ग्राही के रुप में उपयोग करता है।
B. 'विषाणु B', प्रवेश के लिए केवल 'Y' को ग्राही के रुप में उपयोग करता है।
C. 'विषाणु A' और 'विषाणु B' दोनों के लिए ग्राही के रुप में X आवश्यक है।

सभी सही कथनों वाला विकल्प चुनिए?

1. A, B तथा C
2. A तथा B
3. B तथा C
4. A तथा C

83. In a laboratory experiment it was observed that both 'Virus A' and 'Virus B' could infect a mammalian host cell, when infected individually. Interestingly, if the cells were first infected with 'Virus A' (with large MOI), Virus B failed to infect the same cell. If the Virus B (with large MOI) is added first followed by Virus A, both the virus can infect the cells. However, infection with 'Virus A' was found to be in lesser extent. Considering X and Y are the receptors/co-receptors which may be involved for the virus entry, following are few possibilities that can explain the observation.

A. 'Virus A' uses 'X' as receptor and Y as coreceptor.
B. 'Virus B' uses exclusively 'Y' as receptor for entry.
C. Both 'Virus A' and 'Virus B' need X as receptor.

Choose the option with all correct statements.

1. A, B and C
2. A and B
3. B and C
4. A and C

84. चक्रण मानव मुख कैंसर कोशिकाओं पर कई प्रभावी प्रति-कैंसर यौगिकों के प्रभाव के परीक्षण के दौरान, एक विद्यार्थी ने पाया कि कोशिकाओं का अधिकतम प्रतिशत औषध उपचार के 12 घण्टे बाद मात्रा-आधारित कोशिका मृत्यु को दर्शाता है। हांलाकि, शेष कोशिकाएं एक बार यौगिक को हटा देने पर एवं पूर्ण माध्यम में संवर्धित करने पर संवर्धन तश्तरी में पुनःआबाद हो जाता है। विद्यार्थी ने निम्नलिखित अनुमान लगाए:

A. सभी कोशिकाएं यौगिकों द्वारा समान रुप से प्रभावित नहीं हुई क्योंकि वे उपचार के पूर्व तुल्यकालिक नहीं की गई थीं।
B. यौगिक ने चयनात्मकतौर पर उन कोशिकाओं को मारा जो $G_0$ अवस्था में थीं।
C. कैंसर स्टेम कोशिकाएं यौगिकों के प्रभावों के प्रति अपारगम्य थीं और इसलिए संवर्ध में पुनःआबाद हुईं।
D. कैंसर कोशिकाएं मध्योतकीय लक्षणप्ररुप में विभेदित हुईं और उपकलाकोशिका-से-मध्योतक संक्रमण (ईएमटी) के निरोधकों युक्त ताजा संवर्ध माध्यम में बढ़ गईं।

निम्नलिखित अनुमानों के संयोजन में से कौन परिणामों की सर्वाधिक न्यायसंगत व्याख्या करेगा?

1. B तथा C
2. A तथा C
3. B तथा D
4. A तथा B

84. While testing the effect of several potent anti-cancer compounds on cycling human oral cancer cells, a student observed that a major percentage of cells showed dose-dependent cell death after 12 hours of drug treatment. However, the remaining cells repopulated the culture dish once the compounds were removed and the cells were cultured in complete medium. The student made the following assumptions:

A. Not all cells were equally affected by the compounds as they were not synchronized before treatment.
B. The compound selectively killed cells which were in $G_0$ phase.
C. The cancer stem cells were impervious to the effects of the compounds and therefore repopulated the culture.
D. The cancer cells differentiated into a mesenchymal phenotype and grew in fresh culture medium containing inhibitors of epithelial-to-mesenchymal transition (EMT).

Which one of the following combination of assumptions would best justify the results?

1. B and C
2. A and C
3. B and D
4. A and B

85 जब कंचुकों के 8-कोशिकीय भ्रूण को 4 ब्लास्टोमियर युग्मों में पृथक्कृत किया जाता है तथा संवर्ध माध्यम में स्वतंत्ररूप से वृद्धि कराया जाता है, तब प्रत्येक ब्लास्टोमियर युग्म अधिकांश कोशिका प्रकारों को बना सकते हैं; हांलाकि, तंत्रिकातंत्र के लिए कोशिकाएं विकसित नहीं होती हैं। उपर्युक्त प्रेक्षणों से निम्नलिखित कथन बनाए गए हैं:

A. तंत्रिकातंत्र का विकास स्वायत्त विशिष्टीकरण को दर्शाता है।
B. अन्य ऊतक प्रकार परिस्थितिजन्य विशिष्टीकरण के कारण बनते हैं।
C. सभी ऊतक प्रकारों, तंत्रिका ऊतकों को छोड़कर, का विकास स्वायत्त विशिष्टीकरण को दर्शाता है।
D. तंत्रिकातंत्र का विकास परिस्थितिजन्य विशिष्टीकरण को दर्शाता है।

कथनों का सही संयोजन जो उपर्युक्त परिणाम की व्याख्या करता है:

1. A तथा B
2. B तथा C
3. C तथा D
4. A तथा D


85 When 8-cell embryo of tunicates is separated into 4 blastomere pairs and allowed to grow independently in culture medium, then each blastomere pair can form most of the cell types; however, cells for nervous system are not developed. The following statements are formed from the above observations:

A. Nervous system development demonstrated autonomous specification.
B. The other tissue types are formed due to conditional specification.
C. All the tissue types, except nervous tissues that developed, demonstrated autonomous specification.
D. Nervous system development demonstrated conditional specification.

The correct combination of statements that explains the above result is:

| | |
|---|---|
| 1. A and B | 2. B and C |
| 3. C and D | 4. A and D |

**86.** एक *ई. कोलाई* के नस्ल में, *lac* और *trp* ओपरान के बीच संलयन हुआ तथा नई विस्थल संरचना नीचे दिखाई गई है। नस्ल में प्राकृत प्ररुप *trp* ओपरान का अभाव है।




नीचे कुछ प्रभावी परिदृश्य दिए गए हैं:

A. ट्रिपटोफेन का संश्लेषण लेक्टोज़ और ट्रिपटोफेन युक्त माध्यम में होगा।

B. ट्रिपटोफेन का संश्लेषण ग्लूकोज़ युक्त माध्यम में दमित होगा।

C. ट्रिपटोफेन का संश्लेषण केवल माध्यम में ट्रिपटोफेन के पर्याप्त अनुपस्थिति में ही होगा।

संलयन ओपरान के व्यवहारों की उचित व्याख्या करने वाले विकल्प को चुनिए।

| | |
|---|---|
| 1. A तथा B | 2. A तथा C |
| 3. केवल C | 4. B तथा C |

**86.** In a strain of *E. coli*, a fusion between the *lac* and *trp* operon took place and the new locus structure is shown below. The strain lacks the wild-type *trp* operon.




Given below are some of the potential scenarios:

A. Tryptophan will be synthesized in a medium containing lactose and tryptophan.

B. Tryptophan synthesis will be repressed in a medium containing glucose.

C. Tryptophan synthesis will take place only in the absence of sufficient tryptophan in the medium.

Choose the option that correctly describes the behaviours of the fusion operon.

| | |
|---|---|
| 1. A and B | 2. A and C |
| 3. C only | 4. B and C |

**87.** निम्नलिखित कथन प्रतिकृतिकरण द्विशाख पर डीएनए अकुण्डलन द्वारा उत्पादित अधिकुण्डलियों के हटाने के बारे में तैयार किए गए हैं:

A. अधिकुण्डलियों का संचयन डीएनए अकुण्डलन के दौरान डीएनए हेलिकेस सक्रियता के परिणामस्वरुप होता है।

B. डीएनए अधिकुण्डलन की समस्या केवल जीवाणुओं के वृत्ताकार गुणसूत्रों के लिए वैध है और रैखिक गुणसूत्रों के लिए नहीं।

C. डीएनए अधिकुण्डलन प्रतिकृतिकरण द्विशाख के सामने अप्रतिकृत डीएनए पर डीएनए के या तो एक अथवा दोनों स्ट्रान्डों को तोड़कर टोपोआइसोमेरेज़ द्वारा अलग किया जाता है।

D. टोपोआइसोमेरेज़ I और टोपोआइसोमेरेज़ II दोनों प्रतिकृतिकरण के दौरान धनात्मक अधिकुण्डलन को हटा सकते हैं।

निम्नलिखित में से सभी सही कथनों वाला विकल्प कौन सा है?

| | |
|---|---|
| 1. A, B, C | 2. A, B, D |
| 3. A, C, D | 4. B, C, D |

**87.** Following statements have been made about removal of supercoiling produced by DNA unwinding at the replication fork:

A. Accumulation of supercoils is the result of DNA helicase activity during unwinding of DNA

B. Problem of DNA supercoiling is valid only for circular chromosomes of bacteria and not for the linear chromosomes

C. Supercoiling of DNA is removed by topoisomerases by breaking either one or both strands of DNA on the unreplicated DNA in front of replication fork.

D. Both topoisomerase I and topoisomerase II can remove positive supercoiling during replication

Which one of the following options has all correct statements?

| | |
|---|---|
| 1. A, B, C | 2. A, B, D |
| 3. A, C, D | 4. B, C, D |

**88.** *सेकेरोमाइसिस सिरेविसी* में Ser 51 स्थिति पर ईआईएफ2 की α-उपइकाई का फास्फोरिलीकरण एक गुआनोसीन विनिमय कारक ईआईएफ2B के पृथक्करण को संचालित करता है। यह घटना

1. कोशिकाविलेय में आच्छादित एमआरएनए के अनुवाद को सक्रिय करने के लिए जानी जाती है।
2. एमआरएमए अनुक्रम में मुख्य ओआरएफ से पहले आने वाले लघु ओआरएफ (युओआरएफ) युक्त अनेक प्रमुख एमआरएनए के अनुवाद को सक्रिय करने के लिए जानी जाती है।
3. एमआरएनए धारित आईआरईएस के अनुवाद के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता है।
4. केंद्रक के बाहर परिपक्व एमआरएनए के स्थानांतरण के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता है।

**88.** Phosphorylation of the α-subunit of eIF2 at Ser 51 position in *Saccharomyces cerevisiae* leads to sequestration of eIF2B, a guanosine exchange factor. This phenomenon is

1. known to activate translation of the capped mRNAs in the cytosol
2. known to activate translation of many key mRNAs possessing short ORFs (uORFs) in the mRNA sequence that precedes the main ORF
3. an essential requirement for translation of IRES containing mRNAs
4. an essential requirement for the transport of mature mRNAs out of the nucleus

**89.** आनुवांशिक छंटाई से पृथक किए गए *ई. कोलाई* उत्परिवर्ती उत्परिवर्तनों के निम्नलिखित वर्गों को दर्शाते हैं

A. *lacI* में बिंदु उत्परिवर्तन
B. *lacZYA* एमआरएनए के अनुलेखन प्रारम्भण स्थल के त्वरित अनुप्रवाह का विलोपन
C. *lacY* के आंशिक या पूरे का द्विगुणन
D. *lacA* के आंशिक या पूरे का द्विगुणन

*lac* ओपरान की रचक अभिव्यक्ति को परिणामित करने वाले संभावित विकल्प को चुनिए?

1. दोनों A तथा B
2. दोनों B तथा C
3. दोनों C तथा D
4. केवल A

**89.** *E. coli* mutants isolated from a genetic screen showed following classes of mutations

A. Point mutations in *lacI*
B. Deletions immediately downstream of the transcription start site of the *lacZYA* mRNA
C. Duplications of part or whole of *lacY*
D. Duplications of part or whole of *lacA*

Choose the option which is likely to result in constitutive expression of the *lac* operon?

1. Both A and B
2. Both B and C
3. Both C and D
4. Only A

**90.** *एश्चेरीशिया कोलाई* के गुणसूत्रीय डीएनए प्रतिकृतिकरण के लिए, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

1. डीएनए पॉलीमेरेज़ I डीएनए प्रतिकृतिकरण के लिए आवश्यक मुख्य पॉलीमेरेज़ है।
2. यद्यपि कार्नबर्ग द्वारा डीएनए पॉलीमेरेज़ I को मूलतः प्रतिकृतिकरण के लिए उत्तरदायी के रुप में पहचाना गया था, फिर भी डीएनए प्रतिकृतिकरण प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण नहीं है।
3. डीएनए पॉलीमेरेज़ I की आवश्यकता डीएनए संश्लेषण के लिए आवश्यक आरएनए उपक्रामक को हटाने और इसके बाद उसे तुल्य डीएनए से भर देने से संबंधित है।
4. डीएनए पॉलीमेरेज़ I एसओएस के अनुक्रिया में त्रुटि पूर्ण डीएनए संश्लेषण के लिए प्राथमिक एंजाइम है।

**90.** For *Escherichia coli* chromosomal DNA replication, which one of the following statements is true?

1. DNA polymerase I is the main polymerase required for DNA replication
2. DNA polymerase I though identified originally by Kornberg as the one responsible for replication, is not important for the DNA replication process
3. Requirement of DNA polymerase I is in the context of removal of RNA primer needed for DNA synthesis, and then fill in the same with DNA equivalent
4. DNA polymerase I is the primary enzyme for error prone DNA synthesis in response to SOS

**91.** निम्नलिखित प्रेक्षण यूकेरियोटिक जीवों के जीनोमों के मध्य विविधताओं के बारे में दिए गए हैं।

A. एकल न्यूक्लिओटाइड बहुरुप आंकिकतौर पर आनुवांशिक परिवर्तकों के सर्वाधिक बहुल प्रकार हैं।
B. अंतरक्षेपी और अनुबद्ध दोनों पुनरावर्ति अनुक्रम बहुरुपी विविधता दर्शा सकते हैं।
C. अपयुग्मित अनुक्रमों के बीच समसूत्री पुनर्संयोजन के कारण प्रतिरुप संख्या में परिवर्तन होता है और आबादी में लघुअनुषंगी विविधता उत्पन्न होता है।

D. जीनोम में लघुत्तर परिवर्तनीय खण्डों की पहचान युग्मित सिरा प्रतिचित्रण तकनीक द्वारा की जा सकती है।

सभी सही कथनों वाला विकल्प चुनिए?

1. A, B, C
2. A, C, D
3. B, C, D
4. A, B, D

**91.** Following observations were made about variations among genomes of eukaryotic organisms:

A. Single nucleotide polymorphisms are the numerically most abundant type of genetic variants

B. Both, interspersed and tandem repeated sequences can show polymorphic variation

C. Mitotic recombination between mispaired repeats causes change in copy number and generates minisatellite diversity in population

D. Smaller variable segments in the genome can be identified by paired end mapping technique

Select the option with all correct statements

1. A, B, C
2. A, C, D
3. B, C, D
4. A, B, D

**92.** अनेक विशिष्ट टी-कोशिका सतही अणु अनुकूली प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के विविध कार्यों में संलग्न होते हैं। कॉलम X में टी-कोशिका सतही अणुओं की सूची तथा कॉलम Y में संभावित कार्यात्मक लक्षण दिए गए हैं:

| कॉलम X | कॉलम Y |
|---|---|
| A. टी कोशिका ग्राही | (i) सीडी 40 को बी कोशिकाओं और एपीसी पर बांधता है तथा एपीसी के सक्रियण एवम् बी कोशिकाओं के सक्रियण/विभेदन को प्रवर्तित करता है। |
| B. सीडी28 | (ii) एमएचसी वर्ग I अणुओं से बंधता है एवं टी साइटोटॉक्सिक कोशिकाओं को केवल एमएचसी वर्ग I पर उपस्थित किए गए पेप्टाइड की पहचान करने के लिए रोकता है। |
| C. सीडी8 | (iii) बी कोशिकाएं एवं एपीसी पर बी 7-1, 2 या सीडी 80/86 से बंधता है, एवं टी कोशिका को सक्रिय करता है। |
| D. सीडी154 | (iv) α एवम् β दो पॉलीपेप्टाइड श्रृंखलाओं से बनता है तथा कुछ γ एवम् δ पॉलीपेप्टाइड श्रृंखलाओं से बनते हैं। |

निम्नलिखित में से सभी सही सुमेलों वाला विकल्प कौन सा है?

1. A – (i) ; B – (ii) ; C – (iii) ; D – (iv)
2. A – (iv) ; B – (i) ; C – (ii) ; D – (iii)
3. A – (iii) ; B – (iv) ; C – (i) ; D – (ii)
4. A – (iv) ; B – (iii) ; C – (ii) ; D – (i)

**92.** There are number of specific T cell surface molecules involved in various functions of adaptive immune response. Column X represents a list of T cell surface molecules and Column Y with the possible functional characteristics:

| Column X | Column Y |
|---|---|
| A. T cell receptor | (i) binds to CD40 on B cells and APCs and triggers activation of APCs and activation/ differentiation of B cells. |
| B. CD28 | (ii) binds to MHC class I molecules and restricts T cytotoxic cells to recognizing only peptide presented on MHC class I |
| C. CD8 | (iii) binds to B7-1,2 or CD80/86 on B cells and APCs, which triggers T cell activation. |
| D. CD154 | (iv) consists of two polypeptide chains α and β and some consist of polypeptide chains γ and δ. |

Which of the following option has all correct matches?

1. A – (i) ; B – (ii) ; C – (iii) ; D – (iv)
2. A – (iv) ; B – (i) ; C – (ii) ; D – (iii)
3. A – (iii) ; B – (iv) ; C – (i) ; D – (ii)
4. A – (iv) ; B – (iii) ; C – (ii) ; D – (i)

93. एक प्रयोग में यह देखा गया कि एक प्रोटीन का कैंसर कोशिकाओं में (नियंत्रित ऊतकों की तुलना में) उच्चविनियमन है, जो कि रोग आरोहण के साथ संबंध दर्शाता है। निम्नलिखित कुछ संभावनाएं हैं जो उपर्युक्त अवलोकन की व्याख्या कर सकती है।

A. एक उत्परिवर्तन एमआई आरएनए बंधन स्थल में संगत एमआरएनए के 3'UTR में स्थित हो सकता है।
B. एक उत्परिवर्तन प्रोटीन के संरुपण को बदलता है, इससे उत्तम स्थायित्व मिलता है।
C. संगत एमआरएनए में एक उत्परिवर्तन समापन कोडोन के माध्यम से राइबोसोम पठन को बढ़ाता है, फलस्वरुप प्रोटीन संश्लेषण बढ़ता है।
D. संगत एमआरएनए में एक उत्परिवर्तन द्वितीयक संरचना में परिवर्तन के कारण आरएनए के स्थायित्व को बढ़ाता है।

निम्नलिखित में से कौन सा एक संयोजन सर्वाधिक सटीक व्याख्या को प्रस्तुत करता है?

1. A, B तथा C
2. B, C तथा D
3. C, D तथा A
4. A, B तथा D

93. In an experiment it was observed that a protein was upregulated in the cancer tissues (compared to control tissues) that showed correlation with disease progression. Following are a few possibilities which can explain the above observation.

A. A mutation could be located in the 3'UTR of the corresponding mRNA at a miRNA binding site.
B. A mutation changes the conformation of the protein, resulting in its better stability.
C. A mutation in the corresponding mRNA promotes ribosome read-through of the termination codon resulting in increased synthesis of the protein.
D. A mutation in the corresponding mRNA increased the stability of the RNA due to change in secondary structure.

Which one of the following combinations represents the most likely explanations?

1. A, B and C
2. B, C and D
3. C, D and A
4. A, B and D

94. बाह्यकोशिकीय मैट्रिक्स में अनेक गैर कोलेजन प्रोटीन होते हैं, जिनमें प्रारुपिक तौर पर बहु अनुक्षेत्र होते हैं, प्रत्येक क्षेत्र अन्य मैट्रिक्स अणुओं और कोशिका सतही ग्राहियों के लिए विशिष्ट बंधन स्थलों युक्त होता है। इस तरह ये प्रोटीन मैट्रिक्स के संघटन और कोशिकाओं के इससे जुड़ने, दोनों में योगदान देते हैं। इस प्रकार का भलीभांति अभिलक्षित मैट्रिक्स प्रोटीन फाइब्रोनेक्टिन है। निम्नलिखित लक्षणों में से एक फाइब्रोनेक्टिन के लिए सत्य नहीं है?

1. यह बड़ी ग्लाइकोप्रोटीन सभी कशेरुकियों में पाई जाती है और अनेक कोशिका-मैट्रिक्स अंतरक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है।
2. यह तीन पॉलीपेप्टाइडों से बनी है जो तिर्यक-बंधन संरचना से बंधे डाइसल्फाइड है।
3. मानव जीनोम में, लगभग 50 व्यक्तेकों वाला केवल एक फाइब्रोनेक्टिन जीन होता है, परंतु कई विभिन्न फाइब्रोनेक्टिन समरुपों को उत्पन्न करने के लिए अनुलेखों को विविध तरीकों से गुँथकर जोड़ा जा सकता है।
4. फाइब्रोनेक्टिन एक आरजीडी मूल के माध्यम से इंटीग्रिन को बांधता है। यहां तक कि आरजीडी अनुक्रम युक्त अतिलघु पेप्टाइड कोशिकाओं की फाइब्रोनेक्टिन मैट्रिक्स से संलग्नता को रोक सकता है।

94. The extracellular matrix contains a number of non-collagen proteins that typically have multiple domains, each with specific binding sites for other matrix molecules and cell surface receptors. These proteins therefore contribute to both organizing the matrix and helping cells attach to it. The most well characterized matrix protein of this kind is fibronectin. Which one of the following characteristics is **NOT TRUE** for fibronectin?

1. It is a large glycoprotein found in all vertebrates and important for many cell-matrix interactions.
2. It is composed of three polypeptides that are disulfide bonded into a crosslink structure.
3. In human genome, there is only one fibronectin gene containing about 50 exons, but the transcripts can be spliced in different ways to produce many different fibronectin isoforms.
4. Fibronectin binds to integrin through an RGD motif. Even very short peptide containing RGD sequence can inhibit attachment of cells to fibronectin matrix.

95. नीचे कुछ कोशिकीय ग्राहियों (कॉलम X) तथा सम्भावित कार्यात्मक लक्षणों (कॉलम Y) की सूची दी गई है:

| कॉलम X | कॉलम Y |
|---|---|
| A.एसिएलोग्लाइकोप्रोटीन ग्राही | (i) अंतःकोशिकीय उच्च बंधुता ग्राही जो संलग्री के साथ बंधकर अनुलेखन कारक के रुप में काम करता है तथा डीएनए से बांधता है। |
| B. ट्रांसफेरिन ग्राही | (ii)अंतराकोशिकीय ग्राही जिसका संलग्री के साथ बंधने के पश्चात् एण्डोसाइटोसिस होता है। ग्राही-संलग्री सम्मिश्र अम्लीय एण्डोसोमों/ सीयूआरएल (ग्राही एवम् संलग्री के अयुग्मन के कक्ष) में संचयित होते हैं, कार्गो वितरित करते हैं, ग्राही-संलग्री सम्मिश्र कोशिका सतह पर वापस पुनःचक्रित होते हैं और संलग्री वियोजित हो जाते हैं। |
| C. स्टीरॉयड ग्राही | (iii) अंतराकोशिकीय ग्राही जो संलग्री के साथ बंधकर एण्डोसाइटोसिस को प्रभावित करता है। ग्राही-संलग्री सम्मिश्र अम्लीय एण्डोसोमों/सीयूआरएल में संचयित होते हैं, संलग्री वियोजित हो जाते हैं, लाइसोसोमों को स्थानांतरित करते हैं तथा ग्राही कोशिका सतह पर वापस पुनःचक्रित होता है। |

निम्नलिखित में से सही सुमेल कौन सा है?

1. A – (i); B – (ii); C – (iii)
2. A – (ii); B – (iii); C – (i)
3. A – (iii); B – (ii); C – (i)
4. A – (i); B – (iii); C – (ii)

95. Following are the list of some cellular receptors (Column X) and with possible functional characteristics (Column Y):

| Column X | Column Y |
|---|---|
| A. Asialoglyco-protein receptor | (i) Intracellular high affinity receptor which upon binding with ligand acts as transcription factor and binds to DNA. |
| B. Transferrin receptor | (ii)Extracellular receptor which upon binding with ligand is subjected to endocytosis. Receptor-ligand complex accumulates in acidic endosomes/CURL (compartment of uncoupling of receptor and ligand), delivers the cargo, receptor-ligand complex recycles back to cell surface and the ligand disassociates. |
| C. Steroid receptor | (iii)Extracellular receptor which upon binding with ligand is subjected to endocytosis. Receptor-ligand complex accumulates in acidic endosomes/ CURL, ligand gets dissociated, transfers to lysosomes and the receptor recycles back to cell surface. |

Which one of the following is the correct match?

1. A – (i); B – (ii); C – (iii)
2. A – (ii); B – (iii); C – (i)
3. A – (iii); B – (ii); C – (i)
4. A – (i); B – (iii); C – (ii)

96. नीचे दिए गए कथन पादप वृद्धि और विकास के विभिन्न पहलुओं से संबंधित हैं।
   A. एराबिडोप्सिस के इथिलीन-असंवेदी *etr1-1* तथा *ein2* उत्परिवर्तितों में पत्तियों का जीवन काल बढ़ जाता है।
   B. योजनाबद्ध कोशिका मृत्यु (पीसीडी)पौधों में कांटों, कण्टकों और शूल के निर्माण के लिए उत्तरदायी है।
   C. जीर्णता और पीसीडी केवल कायिक ऊतकों के विकास में पाए जाते हैं तथा लैंगिक ऊतकों में नहीं पाए जाते हैं।
   D. कोशिकांगों का पुनःविभेदन पौधों में जीर्णता की प्रारंभिक अवस्थाओं के दौरान का अभिन्न घटक है।

निम्नलिखित सभी कथनों के संयोजन में से कौन सा सही है?


1. A, C तथा D
2. B तथा C
3. A, B तथा D
4. C तथा A

96. Given below are statements related to different aspects of plant growth and development.
   A. Leaf longevity is increased in ethylene-insensitive mutants *etr1-1* and *ein2* of Arabidopsis.
   B. Programmed cell death (PCD) is responsible for the formation of prickles, thorns and spines in plants.
   C. Senescence and PCD occur only in the development of vegetative tissues and does not occur in reproductive tissues.
   D. Redifferentiation of organelles is an Integral component during initial stages of senescence in plants.

Which one of the following represents the combination of all correct statements?

1. A, C and D
2. B and C
3. A, B and D
4. C and A


97. निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण विभिन्न जीनों के कार्यों को दर्शाते हैं जो स्तनधारियों के प्रारम्भिक विकास के दौरान या तो ट्रोफोब्लास्ट अथवा आंतरिक कोशिका समूह (आईसीएम) के बनने के निर्णय को निर्धारित करते हैं:




उपर्युक्त चित्र के आधार पर, निम्नलिखित अनुमानों में से कौन सा सत्य है ?

1. Cdx2 और Oct4 के बीच अन्योन्यक्रिया आईसीएम के निर्माण को प्रभावित कर सकती है।
2. Oct4 की अभिव्यक्ति को अवरोधित करने के बावजूद आईसीएम बनेगा।
3. वॉयएपी और टीईएडी 4, Cdx2 के उर्ध्वप्रवाह घटक हैं तथा नैनोग द्वारा अवरोधित किए जा सकते हैं
4. Stat3 की अभिव्यक्ति आईसीएम के प्लूरीपोटेंसी को कायम रखने के लिए वैकल्पिक है।

97. The following demonstrates proposed functions of different genes which determine the decision to become either trophoblast or inner cell mass (ICM) blastomere during early mammalian development:




Based on the above figure, which one of the following assumptions is correct?

1. The interplay between Cdx2 and Oct4 can influence the formation of ICM
2. The ICM would form even if expression of Oct4 was inhibited.
3. YAP and TEAD4 are upstream components of Cdx2 and can be inhibited by Nanog.
4. The expression of Stat3 is optional for maintaining pluripotency of the ICM.

98. जैसमोनेट को मूल वृद्धि को अवरुद्ध करने के लिए जाना जाता है जबकि ऑक्सिन मूल वृद्धि को सुगम करता है। रोगजनक जीवाणु जो कोरोनेटीन को उत्पादित करता है, के संक्रमण से, हम पौधों में निम्नलिखित में से किसकी सम्भावना कर सकते हैं:
   A. *COI-1* जीन का उपरिनियामन तथा मूल वृद्धि का अवरोधन
   B. *Aux1-1* जीन का उपरिनियामन तथा मूल वृद्धि का अवरोधन
   C. *Aux1-1* जीन का अवरोधन तथा मूल वृद्धि का बढ़ावा
   D. *COI-1* जीन का अवरोधन तथा मूल वृद्धि का बढ़ावा

निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?

1. A, B तथा C
2. केवल A
3. केवल B
4. केवल C

98. Jasmonate is known to inhibit root growth while auxin facilitates root growth. Upon infection with pathogenic bacteria that produce coronatine, we may expect the following in plants:

A. Upregulation of *COI-1* gene and inhibition of root growth.
B. Upregulation of *AuxI-1* gene and inhibition of root growth.
C. Inhibition of *AuxI-1* gene and promotion of root growth.
D. Inhibition of *COI-1* gene and promotion of root growth.

Which one of the following is correct?

1. A, B and C
2. Only A
3. Only B
4. Only C

99. पादप श्वसन से संबंधित कुछ कथन निम्नानुसार हैं:

A. ग्लाइकोलिसिस द्वारा ग्लूकोज से पायरुवेट का उपापचय एनएडीएच को उत्पन्न करता है और एनएडीपीएच को नहीं।
B. ऑक्सीकृत पेंटोज़ फास्फेट चक्र द्वारा ग्लूकोज का उपापचय एनएडीपीएच उत्पादित नहीं करता है।
C. सायनाइड साइटोक्रोम ऑक्सीडेज के हीम लौह के साथ एक सम्मिश्र बनाता है, जोकि संयोजकता में परिवर्तन को रोकने के पश्चात् श्वसन श्रृंखला में इलेक्ट्रॉन परिवहन को रूद्ध कर देता है।
D. वैकल्पिक ऑक्सीडेज़ सायनाइड के लिए असंवेदी होता है तथा साइटोक्रोम ऑक्सीडेज की तुलना में इसमें उच्चतर *Km* होता है।

निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सत्य है?

1. A, B तथा C
2. B, C तथा D
3. B तथा D
4. A, C तथा D

99. Following are certain statements with regard to plant respiration:

A. Metabolism of glucose into pyruvate through glycolysis generates NADH and not NADPH.
B. Metabolism of glucose through oxidative pentose phosphate cycle does not produce NADPH.
C. Cyanide forms a complex with haem iron of cytochrome oxidase leading to prevention of change in valency, which in turn stops electron transport in the respiratory chain.
D. Alternative oxidase is insensitive to cyanide and has higher *Km* than that of cytochrome oxidase.

Which one of the following combinations is correct?

1. A, B and C
2. B, C and D
3. B and D
4. A, C and D

100. नीला प्रकाश ग्राही cry1, प्रकाश अवलंबित प्रणाली से सी-सीमावर्ती प्रक्षेत्र (CCT) के साथ अन्योन्यक्रिया से COP1 और SPA1 सम्मिश्रों से बंधता है एवं अनुलेखन कारक HY5 के माध्यम से फोटोमारफोजिनेसिस का नियमन करता है। निम्नलिखित कथनों को पढ़िए

A. COP1 और SPA1 सम्मिश्र से बंधकर cry1, HY5 के विघटन को आगे बढ़ाता है।
B. COP1 और SPA1 सम्मिश्र से cry1 बंधता है तथा HY5 के विघटन की रोकथाम करता है।
C. CCT अतिअभिव्यक्ति करता है और पौधों को अंधेरे में रखा गया है।
D. CCT अतिअभिव्यक्ति करता है और पौधों को प्रकाश में रखा गया है।

उपर्युक्त कथनों के निम्नलिखित संयोजन में से कौन से युग्म का परिणाम फोटोमारफोजिनेसिस होगा?

1. केवल A
2. केवल B
3. A, B तथा C
4. B, C तथा D

100. Blue light receptor cry1 binds to COP1 and SPA1 complex by interacting with C-terminal region of cry1 (CCT) in a light dependent manner and regulates photomorphogenesis via transcription factor HY5. Read the following statements:

A. cry1 binds to COP1 and SPA1 complex leading to degradation of HY5.
B. cry1 binds to COP1 and SPA1 complex and prevents degradation of HY5.
C. CCT is overexpressed and the plants are kept in dark.
D. CCT is overexpressed and the plants are kept in light.

Which of the following combination of above statements will result in photomorphogenesis?

1. Only A
2. Only B
3. A, B and C
4. B, C and D

**101.** प्रकाश अवशोषण के पश्चात्, हरे पौधों में क्लोरोफिल अणु एकल तथा त्रयी अवस्थाओं में होते हैं। क्लोरोफिल अणुओं की एकल तथा त्रयी अवस्थाओं पर कुछ कथन निम्नानुसार हैं:

A. त्रयी अवस्था की तुलना में एकल अवस्था लघुवधिक होती है।

B. त्रयी अवस्था की तुलना में एकल अवस्था दीर्घावधिक होती है।

C. एकल अवस्था में प्रति-समानांतर घूर्णन करने वाले इलेक्ट्रान होते हैं जबकि त्रयी अवस्था में समानांतर घूर्णन करने वाले इलेक्ट्रान होते हैं।

D. एकल अवस्था में समानांतर घूर्णन करने वाले इलेक्ट्रान होते हैं जबकि त्रयी अवस्था में प्रति-समानांतर घूर्णन करने वाले इलेक्ट्रान होते हैं।

निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सत्य है?

1. A तथा B
2. B तथा C
3. A तथा C
4. B तथा D

**101.** After absorbing light, chlorophyll molecules in green plants exist in singlet and triplet states. Following are certain statements on singlet and triplet states of chlorophyll molecules:

A. Singlet state is short lived compared to triplet state.

B. Singlet state is long lived compared to triplet state.

C. Singlet state contains electrons with anti-parallel spins while triplet state has electrons with parallel spins.

D. Singlet state contains electrons with parallel spins while triplet state has electrons with anti-parallel spins.

Which one of the following combinations is correct?

1. A and B
2. B and C
3. A and C
4. B and D

**102.** केवल पादप जगत के सदस्यों तथा अनेक जीवाणुओं में जैविक नाइट्रोजन अपचयन की क्षमता होती है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित कथन दिए गए हैं:

A. सामान्यतौर पर पौधों द्वारा नाइट्रोजन उनके पूरी तरह आक्सीकृत रुपों में ग्रहण की जाती है परंतु कार्बनिक अणुओं में समावेशन से पूर्व अपचयन की आवश्यकता होती है।

B. ऑक्सीकृत नाइट्रोजन को अपचयित नाइट्रोजन में बदलने के लिए $NAD(P)^+$ के रुप में ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

C. एंजाइम नाइट्रेट रिडक्टेज के साथ संबद्ध धातु मेग्नीशियम है।

D. नाइट्रेट अपचयन कोशिकाद्रव्य में होता है, जबकि नाइट्राइट अपचयन क्लोरोप्लास्ट मैट्रिक्स में होता है।

उपर्युक्त कथनों के निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सत्य है?

1. A तथा C
2. A, B तथा C
3. B तथा D
4. A तथा D

**102.** Only members of the plant kingdom and many bacteria have capability of biological nitrogen reduction. In this regard, following statements are given:

A. Nitrogen is normally taken by the plant in their fully oxidized form but needs to be reduced before incorporation in organic molecules.

B. Conversion of oxidized nitrogen into reduced nitrogen needs energy in the form of $NAD(P)^+$.

C. The metal associated with the enzyme nitrate reductase is Magnesium.

D. Nitrate reduction takes place in the cytoplasm, whereas nitrite reduction takes place in chloroplast matrix.

Which one of the following combinations of the above statements is correct?

1. A and C
2. A, B and C
3. B and D
4. A and D

**103.** पोषक के साथ अंतरक्रिया के दौरान, पादपरोगजनक प्रभावी प्रोटीन को पोषक कोशिकाओं में सीधे डालने के लिए जाने जाते हैं। इन प्रभावी प्रोटीनों की भूमिका से संबंधित निम्नलिखित कथन बनाए गए हैं।

A. रोगजनक की उग्रता बढ़ा सकते हैं।

B. अनुग्रता प्रतिक्रिया को उत्पन्न कर सकते हैं।

C. रक्षा प्रतिक्रिया का दमन कर सकते हैं।

D. पादप वृद्धि को बढ़ा सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों के निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सत्य है?

1. A, B तथा D
2. A, C तथा D
3. A, B तथा C
4. B, C तथा D

**103.** During interaction with host, phytopathogens are known to deliver effector proteins directly into the host cells. The following statements were made regarding the role of these effector proteins.

A. May promote pathogen virulence.

B. May elicit avirulence response.

C. May suppress defense response.

D. May promote plant growth.

Which one of the following combinations of the above statements is correct?

1. A, B and D
2. A, C and D
3. A, B and C
4. B, C and D

104. चूज़े में पंखों के विकास के दौरान, यदि शीर्षस्थ बाह्यउपकलीय उभार (एईआर) हटा दिया जाता है, तो पाद का विकास बंद हो जाता है, दूसरी तरफ, पाद मध्योतक को सीधेतौर पर पंख एईआर के नीचे स्थापित किया जाता है तो दूरस्थ पश्चपाद संरचनाएं पंख के अंतिम सिरों पर विकसित हो जाती हैं, और यदि पाद मध्योतक एईआर के नीचे गैर-पाद मध्योतक द्वारा विस्थापित कर दी जाएं, तो एईआर कम हो जाता है। यह दर्शाता है कि:

A. पाद मध्योतक कोशिकाएं एईआर को प्रेरित और उत्तरजीवित बनाती हैं।
B. मध्योतक कोशिकाएं प्रकार विशिष्टता प्रदान करते हैं: पंख या पाद
C. एईआर प्रकार के विशिष्टीकरण के लिए उत्तरदायी है: पंख या पाद
D. एईआर पाद की उत्तरजीवित बाह्यवृद्धि और विकास के लिए उत्तरदायी है।
E. एईआर प्रकार विशिष्टता प्रदान नहीं करते हैं: पंख या पाद

उपर्युक्त कथनों का कौन सा संयोजन प्रयोग द्वारा दर्शाया गया है?

1. केवल A, B, C तथा D
2. केवल A, B, D तथा E
3. केवल C, D तथा E
4. केवल A तथा E

104. During wing development in chick, if Apical Ectodermal Ridge (AER) is removed, the limb development ceases, on the other hand placing leg mesenchyme directly beneath the wing AER, distal hindlimb structures develop at the end of the wing, and if limb mesenchyme is replaced by non-limb mesenchyme beneath AER, the AER regresses. This may demonstrate that:

A. the limb mesenchyme cells induce and sustain AER.
B. the mesenchyme cells specify the type: wing or limb.
C. the AER is responsible for specifying the type: wing or limb.
D. the AER is responsible for sustained outgrowth and development of the limb
E. the AER does not specify the type: wing or limb.

Which combination of above statements is demonstrated by the experiment?

1. A, B, C and D only
2. A, B, D and E only
3. C, D and E only
4. A and E only

105. ड्रासोफिला में पृष्ठीय/अधरीय अक्षों की उत्पत्ति से संबंधित निम्नलिखित कथन बनाए गए हैं:

A. गर्केन प्रोटीन अण्डक केंद्रक के साथ चलती है और अधरीय नियति को ग्रहण करने के लिए फोलिकल कोशिकाओं को संकेत देती है।
B. गर्केन अथवा टोरपीडो जीन की मातृवंशीय न्यूनताएं भ्रूण के अधरीकरण का कारण होती हैं।
C. गर्केन केवल अण्डक में सक्रिय होता है तथा टोरपीडो केवल कायिक फोलिकल कोशिकाओं में सक्रिय होता है।
D. पाइप प्रोटीन पृष्ठीय फोलिकल कोशिकाओं में बनता है।
E. डोर्सल की उच्चतम सांद्रता पृष्ठीय कोशिका केंद्रकों में होती है, जो मध्यजनस्तर बन जाती है।

उपर्युक्त कथनों के निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सत्य है?

1. A तथा E
2. C तथा D
3. B तथा C
4. B तथा E

105. The following statements regarding the generation of dorsal/ventral axis in *Drosophila* was made:

A. Gurken protein moves along with the oocyte nucleus and signals follicle cells to adopt the ventral fate.
B. Maternal deficiencies of either the *gurken* or *torpedo* gene cause ventralization of the embryo.
C. Gurken is active only in the oocyte and Torpedo is active only in the somatic follicle cells.
D. The Pipe protein is made in the dorsal follicle cells.
E. The highest concentration of Dorsal is in the dorsal cell nuclei, which becomes the mesoderm.

Which one of the following combination of the above statements is true?

1. A and E
2. C and D
3. B and C
4. B and E

106. टेराटोजिनेसिस का विशिष्ट क्षेत्र अंतःस्रावी तंत्र के विनियमन में भाग लेता है। अंतःस्रावी विच्छेदकों से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सत्य है?
   1. वे विरोधी के रूप में काम कर सकते हैं और इसके ग्राहियों से हार्मोन के बंधने को रोक सकते हैं या हार्मोन संश्लेषण को अवरुद्ध कर सकते हैं।
   2. वे शरीर में हार्मोन के संश्लेषण, निष्कासन या परिवहन को प्रभावित नहीं करते हैं।
   3. वे प्राकृतिक हारमोनों के प्रभाव की नकल नहीं करते हैं।
   4. अंतःस्रावी विच्छेदकों की निम्न मात्रा बाद के जीवनकाल में उल्लेखनीय अक्षमताएं उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

106. A specialized area of teratogenesis involves the misregulation of the endocrine system. Which one of the following statements regarding endocrine disruptors is true?
   1. They can act as antagonist and inhibit the binding of a hormone to its receptors or block the synthesis of a hormone.
   2. They do not affect the synthesis, elimination or transportation of a hormone in the body.
   3. They do not mimic the effect of natural hormones.
   4. Low dose exposure to endocrine disruptors is not sufficient to produce significant disabilities later in life.

107. दीर्घकालीन प्रतिदीपन के दौरान, रोडोप्सिन असंवेदी हो जाता है जो दृश्य प्रतिक्रिया के समापन का कारण बनता है। संबद्ध प्रोटीन (कॉलम A) और उनके प्रभाव (कॉलम B) नीचे दिए गए हैं:

| कॉलम A | | कॉलम B | |
|---|---|---|---|
| a | फास्फोरिलीकृत ऑप्सिन | i | फास्फोराइलेट ऑप्सिन |
| b | रोडोप्सिन काइनेज | ii | फास्फोरिलीकृत ऑप्सिन को बांधना |
| c | एरेस्टिन | iii | ट्रांसड्यूसिन की सक्रियता को कम करना |
| d | फास्फेटेज़ | iv | समापन प्रक्रिया को अधोमुख करता है |

कौन सा सुमेल संयोजन सत्य है?
   1. a-iv; b-ii; c-i; d-iii
   2. a-ii; b-iii; c-iv; d-i
   3. a-iii; b-i; c-ii; d-iv
   4. a-ii; b-iv; c-iii; d-i

107. During prolonged illumination, rhodopsin is desensitized which leads to the termination of visual response. The associated proteins (column A) and their effects (column B) are given below:

| Column A | | Column B | |
|---|---|---|---|
| a | Phosphorylated opsin | i | Phosphorylates opsin |
| b | Rhodopsin kinase | ii | Binds to phosphorylated opsin |
| c | Arrestin | iii | Decreases activation of transducin |
| d | Phosphatase | iv | Reverses the termination process |

Which one of the matched combinations is correct?
   1. a-iv; b-ii; c-i; d-iii
   2. a-ii; b-iii; c-iv; d-i
   3. a-iii; b-i; c-ii; d-iv
   4. a-ii; b-iv; c-iii; d-i

108. चूहों में एस्ट्रस चक्र पियूषग्रंथि एवम् जनद हारमोनों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। चूहों के एक समूह को विटामिन डी से उपचारित करने के दौरान, एक विद्यार्थी ने दुर्घटनावश चूहे में 17α-हाइड्राक्सीप्रेगनेनोलोन निरोधक को अंतर्वेशित कर दिया तथा 10 दिनों तक लगातार योनिक आलेप की जांच की।

निम्नलिखित प्रेक्षणों में से कौन सा सत्य है?
   1. आलेप पूरी अवधि के दौरान सुविकसित केंद्रकधारी उपकला कोशिकाओं को दर्शाते है।
   2. आलेप प्रारंभिक स्तर पर सामान्य एस्ट्रस अवस्था को दर्शाता है, परंतु इसके बाद दीर्घकालीन द्विएस्ट्रस अवस्था में चला जाता है।
   3. आलेप श्वेताणुओं तथा कुछ उपकला कोशिकाओं को दर्शाता है।
   4. कोशिकाएं 3 दिनों तक मेटएस्ट्रस दर्शाती हैं और उसके बाद प्रोएस्ट्रस अवस्था में वापस लौट जाती हैं।

108. Estrus cycle in rats is controlled by pituitary and gonadal hormones. While treating a set of rats with vitamin D, a student accidentally injected the rats with an inhibitor of 17α-hydroxypregnenolone and checked vaginal smear for 10 consecutive days.

Which one of the following observations is correct?

1. The smears showed well formed nucleated epithelial cells throughout the period.
2. The smears initially showed normal estrus stage but eventually entered a prolonged diestrus stage.
3. The smears showed leukocytes and few epithelial cells.
4. The cells showed metestrus for 3 days and then returned to the proestrus stage.

**109.** सूत्रकेन्द्रों की स्थितियों का मानचित्रण कुछ फँफूदों में रेखीय चतुष्क में किया जा सकता है। दो नस्लों *a b* तथा *a′ b′* के बीच संकरण कराया गया और 100 रेखीय चतुष्कों का विश्लेषण किया गया। *a* तथा *b* जीन गुणसूत्र की दो भुजाओं पर स्थित हैं। चतुष्कों को 5 वर्गों में निम्नानुसार विभाजित किया गया।

| वर्ग | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| रेखीय चतुष्क | 15 | 29 | 52 | 2 | 2 |

उपर्युक्त प्रेक्षण के आधार पर,निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए:

A. वर्ग 1, 'a' तथा सूत्रकेन्द्र के बीच संकरण का परिणाम है।
B. वर्ग 2, 'a' तथा सूत्रकेन्द्र के बीच 3 स्ट्राण्ड्सों की भागीदारी सहित द्विविनिमय का परिणाम है।
C. वर्ग 5, 'a' - सूत्रकेन्द्र और 'b' - सूत्रकेन्द्र के बीच 3 स्ट्राण्ड्सों की भागीदारी सहित द्विविनिमय का परिणाम है।
D. वर्ग 4 सभी 4 स्ट्राण्ड्सों की भागीदारी सहित द्विविनिमय का परिणाम है।

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा सभी सही कथनों को दर्शाता है?

1. A तथा B
2. A तथा C
3. B तथा D
4. C तथा D

**109.** Centromere positions can be mapped in linear tetrads in some fungi. A cross was made between two strains *a b* and *a′ b′* and 100 linear tetrads were analysed. The genes *a* and *b* are located on two arms of the chromosome. The tetrads were divided into 5 classes as shown below

| Class | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| | a b | a b | a b | a b | a b |
| Linear tetrads | 15 | 29 | 52 | 2 | 2 |

Based on the above observation, the following conclusions were drawn:

A. Class 1 is a result of a cross over between 'a' and the centromere
B. Class 2 is a result of a double crossover involving 3 strands between 'a' and the centromere
C. Class 5 is a result of a double crossover between 'a' - centromere, and 'b' - centromere, involving three strands
D. Class 4 is a result of a double crossover, involving all the 4 strands

Which one of the following options represents all correct statements?

1. A and B
2. A and C
3. B and D
4. C and D

**110.** सीधे बालों वाले दो पीले चूहों को संकरित किया गया और निम्नलिखित संतति बनी:

1/2 पीले, सीधे बाल
1/6 पीले, रुऑमय बाल
1/4 धूसर, सीधे बाल
1/12 धूसर, रुऑमय बाल

परिणामों की आनुवांशिक व्याख्या देने तथा इस संकरण के जनकों एवम् संतति के जीनप्ररूपों को निर्धारित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित कथन दिए गए:

A. यहां प्राप्त 6:2:3:1 अनुपात अप्रभावी प्रबलता को दर्शाता है।
B. यह संकरण दो स्वतंत्र गुणों- शरीर के रंग और बालों के प्रकार से संबंधित है।
C. द्विसंकरण अनुपात का 9:3:3:1 से 6:2:3:1 में विचलन एक जीन के अप्रभावी घातक होने के कारण हो सकता है।
D. घातक युग्मविकल्पी सीधे बालों से संबद्ध है।

इस परिणाम के लिए दिए गए कथनों का सबसे सुमेल संयोजन है:

1. B तथा C
2. केवल A
3. B, C तथा D
4. A, C तथा D

110. Two yellow mice with straight hair were crossed and the following progeny was obtained:

1/2 yellow, straight hair
1/6 yellow, fuzzy hair
1/4 gray, straight hair
1/12 gray, fuzzy hair


In order to provide genetic explanation for the results and assign genotypes to the parents and progeny of this cross, the following statements were given:

A. The 6:2:3:1 ratio obtained here indicates recessive epistasis
B. This cross concerns two independent characteristics - body colour and type of hair
C. The deviation of dihybrid ratio from 9:3:3:1 to 6:2:3:1 may be due to one of the genes being a recessive lethal
D. The lethal allele is associated with straight hair

The most appropriate combination of statements to provide genetic explanation for this result is:

1. B and C  2. A only
3. B, C and D  4. A, C and D

111. एक परिवार को एक दिए गए विशिष्ट लक्षण के लिए परीक्षित किया गया जिसे नीचे दिए गए वंशावलि में दर्शाया गया है। तद्उपरान्त, विशेष लक्षण की अभिव्यक्ति का स्तर परिवार के सदस्यों के बीच अत्यधिक विविध था; कुछ लोग केवल निम्न रूप से प्रभावित हुए थे जबकि अन्य सदस्यों में कम आयु में ही गम्भीर लक्षण विकसित हो गए थे।




वंशावलि में दर्शाई गई वंशागति की प्रवृत्ति की व्याख्या करने के लिए निम्नलिखित कथन तैयार किए गए हैं:

A. X-संयोजित प्रभावी उत्परिवर्तन
B. X-संयोजित अप्रभावी उत्परिवर्तन
C. माइटोकांड्रियल वंशागति
D. विविध अभिव्यक्ति का कारण विषमप्लास्टी हो सकता है।

इस आनुवांशिकता के लिए उत्तम संभावित व्याख्या है

1. A तथा D  2. C तथा D
3. केवल B  4. केवल A

111. A family was examined for a given trait which is represented in the pedigree shown below. Further, the degree of expression of the trait is highly variable among members of the family; some are only slightly affected while others developed severe symptoms at an early age.




The following statements are made to explain the pattern of inheritance shown in the pedigree:

A. X-linked dominant mutation
B. X-linked recessive mutation
C. Mitochondrial inheritance
D. Variable expression can be due to heteroplasty

The best possible explanation for this inheritance is

1. A and D  2. C and D
3. B only  4. A only

112. छः विलोपों (गुणसूत्र के नीचे अनवरत रेखा के रूप में दर्शाया गया है) की स्थिति का मानचित्रण ड्रासोफिला गुणसूत्र के लिए किया गया जैसा कि नीचे दिए आरेख में दर्शाया गया है:





अप्रभावी उत्परिवर्तनें a, b, c, d, e, f तथा g विलोपों के क्षेत्र में स्थित होने के लिए जाने जाते हैं, परंतु गुणसूत्र पर उत्परिवर्तनों का क्रम ज्ञात नहीं है। जब अप्रभावी उत्परिवर्तनों के लिए समयुग्मी मक्खियों का संकरण, विलोपों के लिए समयुग्मी मक्खियों के साथ कराया जाता

है, तब निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए, जहां अक्षर 'm' उत्परिवर्तक लक्षणप्ररूप को प्रदर्शित करता है और '+' प्राकृत प्रकार को प्रदर्शित करता है।

| | उत्परिवर्तन | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विलोप | a | b | c | d | e | f | g |
| 1 | + | m | m | m | + | + | + |
| 2 | + | + | m | m | + | + | + |
| 3 | + | + | + | m | m | + | + |
| 4 | m | + | + | m | m | + | + |
| 5 | m | + | + | + | + | m | m |
| 6 | m | + | + | m | m | m | + |

गुणसूत्र पर सात उत्परिवर्ती जीनों का आपेक्षिक क्रम है:
1. b c e a f g d
2. b c d f g e a
3. b c d e a f g
4. c d e a g f b

**112.** The location of six deletions (shown as solid line underneath the chromosome) has been mapped to the *Drosophila* chromosome as shown in the diagram given below:





Recessive mutations a, b, c, d, e, f and g are known to be located in the region of deletions, but the order of mutations on the chromosome is not known. When flies homozygous for the recessive mutations are crossed with flies homozygous for the deletion, the following results were obtained, where the letter 'm' represents a mutant phenotype and '+' represents the wild type.

| | Mutations | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Deletion | a | b | c | d | e | f | g |
| 1 | + | m | m | m | + | + | + |
| 2 | + | + | m | m | + | + | + |
| 3 | + | + | + | m | m | + | + |
| 4 | m | + | + | m | m | + | + |
| 5 | m | + | + | + | + | m | m |
| 6 | m | + | + | m | m | m | + |


The relative order of the seven mutant genes on chromosome is:
1. b c e a f g d
2. b c d f g e a
3. b c d e a f g
4. c d e a g f b

**113.** निम्नलिखित वंशावलि में, छायांकित वृत्त या छायांकित वर्ग वाले व्यक्ति अप्रभावी अलिंगसूत्री लक्षण की उपस्थिति को दर्शाते हैं




III-1 के लिए इस लक्षण के होने का परिकलित जोखिम है
1. 1/2
2. 1/4
3. 1/8
4. 1/3

**113.** In the following pedigree, individuals with shaded circle or shaded square show presence of a recessive autosomal trait.





The calculated risk of occurrence of this trait for III-1 is
1. 1/2
2. 1/4
3. 1/8
4. 1/3

**114.** कशेरुकी क्रमिक विकासकाल के दौरान, स्तनधारियों में जबड़े की अस्थियां तीन कर्ण अस्थिकाओं में रूपांतरित हो गईं। निम्नलिखित में से कौन सा कर्ण अस्थिका और उसकी पूर्वज जबड़ा अस्थि का सही सुमेल है?
1. स्टेपिस– आर्टिकुलर; इंकस – हायोमेण्डिबुलर; मैलियस – क्राड्रेट
2. स्टेपिस– क्राड्रेट; इंकस – आर्टिकुलर; मैलियस – हायोमेण्डिबुलर
3. स्टेपिस – क्राड्रेट; इंकस – हायोमेण्डिबुलर; मैलियस – आर्टिकुलर
4. स्टेपिस – हायोमेण्डिबुलर; इंकस – क्राड्रेट; मैलियस – आर्टिकुलर

114. During the course of vertebrate evolution, the jaw bones got modified into three ear ossicles in mammals. Which one of the following is a correct match of ear ossicle and its ancestral jaw bone?
   1. Stapes – Articular; Incus – Hyomandibular; Malleus – Quadrate
   2. Stapes – Quadrate; Incus – Articular; Malleus – Hyomandibular
   3. Stapes – Quadrate; Incus – Hyomandibular; Malleus – Articular
   4. Stapes – Hyomandibular; Incus – Quadrate; Malleus – Articular

115. ऑक्सीकृत एवम् अनाक्सीकृत रुधिर के $CO_2$ वियोजन वक्र, घुलित $CO_2$ सहित नीचे दिए गए हैं:





उपर्युक्त वक्रों से निष्कर्षित निम्न कथनें जो कि, तथा/अथवा $CO_2$ परिवहन के बारे में जानकारी के आधार पर बनाया गया है, सत्य या असत्य हो सकते हैं:

A. ऑक्सीकृत हीमोग्लोबिन की अपेक्षा विऑक्सीकृत हीमोग्लोबिन की $CO_2$ के प्रति लगाव अधिक होता है।
B. विऑक्सीकृत हीमोग्लोबिन, $CO_2$ से $HCO_3^-$ बनने के दौरान निकले मुक्त $H^+$ आयनों के साथ नहीं बंधता है।
C. $O_2$ संतृप्त हीमोग्लोबिन का $CO_2$ वियोजन वक्र पर कोई प्रभाव नहीं होता है।
D. $O_2$ तथा $CO_2$ विभिन्न स्थलों पर हीमोग्लोबिन से बंधते हैं।

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सभी सही कथनों के संयोजनों को दर्शाता है?

1. A तथा B
2. B तथा C
3. C तथा D
4. A तथा D

115. The $CO_2$ dissociation curves of oxygenated and deoxygenated blood are given along with dissolved $CO_2$ below:




Following are the statements deduced from the curves above and/or based on the knowledge about $CO_2$ transport, which may or may not be correct:

A. The deoxygenated haemoglobin has greater affinity for $CO_2$ than oxygenated haemoglobin.
B. The deoxygenated haemoglobin does not bind with free $H^+$ ions released during the formation of $HCO_3^-$ from $CO_2$.
C. The haemoglobin saturation with $O_2$ has no effect on $CO_2$ dissociation curve.
D. $O_2$ and $CO_2$ bind to haemoglobin at different sites.

Which one of the following options represents a combination of all correct statements?

1. A and B
2. B and C
3. C and D
4. A and D

116. मानव संबंधी इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम के विभिन्न अंतराल/अवधि (कॉलम A) तथा प्रक्रिया के दौरान हृदय की गतिविधियों (कॉलम B) को नीचे दिया गया है।

| कॉलम A | | कॉलम B | |
|---|---|---|---|
| a | पीआर अंतराल | i | शिरा संबंधी क्रिया सम्भाव्यता |
| b | क्यूआरएस अवधि | ii | धमनीशिरा संबंधी संवहन |
| c | क्यूटी अंतराल | iii | शिरा संबंधी विध्रुवीकरण |
| d | एसटी अंतराल | iv | शिरा संबंधी क्रिया सम्भाव्यता का पृष्ठीय भाग |

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कॉलमों A और B में दी गई जानकारियों का सुमेल है?

1. a-i; b-iv; c-ii; d-iii
2. a-ii; b-iii; c-i; d-iv
3. a-iv; b-ii; c-iii; d-i
4. a-iii; b-i; c-iv; d-ii


116. Given below are the different intervals/ durations of electrocardiogram of a human subject (column A) and the events in heart during the process (column B).

| COLUMN A | | COLUMN B | |
|---|---|---|---|
| a | PR interval | i | Ventricular action potential |
| b | QRS duration | ii | Atrioventricular conduction |
| c | QT interval | iii | Ventricular depolarization |
| d | ST interval | iv | Plateau portion of the ventricular action potential |

Which one of the following options is a correct match of entries in columns A and B?

1. a-i; b-iv; c-ii; d-iii
2. a-ii; b-iii; c-i; d-iv
3. a-iv; b-ii; c-iii; d-i
4. a-iii; b-i; c-iv; d-ii

117. ज़ोना ग्लोमेरुलोसा में एल्डोस्टेरोन के संश्लेषण का पथ अंतराकोशिकीय स्थलों के साथ नीचे दर्शाया गया है:





नीचे दिए गए एंज़ाइम एल्डोस्टेरोन के संश्लेषण के विभिन्न चरणों के लिए आवश्यक होते हैं:

| | |
|---|---|
| i | 21-हाइड्राक्सीलेज़ |
| ii | पी450 पार्श्व श्रृंखला विदलन एंज़ाइम |
| iii | 3β- हाइड्राक्सी स्टीरॉयड डीहाइड्रोजिनेज़ |

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कॉलमों A, B और C के लिए सही सुमेल दर्शाता है?

1. A-i; B-ii; C-iii
2. A-iii; B-i; C-ii
3. A-ii; B-iii; C-i
4. A-ii; B-i; C-iii

117. The pathway of synthesis of aldosterone in zona glomerulosa along with the intracellular locations is shown below:





The enzymes below are required for different steps of synthesis of aldosterone:

| | |
|---|---|
| i | 21-Hydroxylase |
| ii | P450 side chain cleavage enzyme |
| iii | 3β- Hydroxy steroid dehydrogenase |

Which one of the following options represents correct matches for A, B and C?

1. A-i; B-ii; C-iii
2. A-iii; B-i; C-ii
3. A-ii; B-iii; C-i
4. A-ii; B-i; C-iii

118. प्रो-ओपिओमिलेनोकोरटिन (पीओएमसी) पॉलीपेप्टाइड और इसके विदलन उत्पादों (A, B, C, D के रूप में चिन्हित) जिनकी विभिन्न हारमोनल क्रियाएं हैं, का एक चित्र नीचे दिया गया है। पीओएमसी से प्राप्त विदलित उत्पादों के नाम चित्र के नीचे तालिका में दिए गए हैं





| | |
|---|---|
| i | एड्रीनोकोरटीकोट्रोपिक हारमोन |
| ii | β- लिपोट्रोपिन |
| iii | α- मेलेनोसाइट-उद्दीपक हारमोन |
| iv | β-गण्डोट्रोपिन |

निम्नलिखित प्रदर्शित विकल्पों में से कौन सही ढंग से A, B, C और D को दर्शाता है?

1. A-i; B-ii; C-iii; D-iv
2. A-ii; B-iii; C-i; D-iv

3. A-i; B-iv; C-iii; D-ii
4. A-iii; B-ii; C-iv; D-i

**118.** Given below is a figure of pro-opiomelanocortin (POMC) polypeptide and its cleavage products (marked as A, B, C, D) which have different hormonal activities. The names of the cleaved products obtained from POMC are shown in the table below the diagram.




| | |
|---|---|
| i | Adrenocorticotropic hormone |
| ii | β- lipotropin |
| iii | α- melanocyte-stimulating hormone |
| iv | β-endotropin |

Which one of the following options represents A, B, C and D correctly?
1. A-i; B-ii; C-iii; D-iv
2. A-ii; B-iii; C-i; D-iv
3. A-i; B-iv; C-iii; D-ii
4. A-iii; B-ii; C-iv; D-i

**119.** नीचे दी गई तालिका में पादप समुदायों के प्रकार तथा वृद्धि रूपों के प्रकार दिए गए हैं।

| पादप समुदाय | | वृद्धि रूप | |
|---|---|---|---|
| (i) | शुष्क घासस्थल | A | भूतलोद्भिद |
| (ii) | अर्ध मरुस्थल | B | गुप्तोद्भिद |
| (iii) | उष्णकटिबंधीय वन | C | अर्धगुप्तोद्भिद |
| (iv) | टुण्ड्रा | D | उन्मुदोद्भिद |

पादप समुदायों और सामान्यतौर पर उनमें मिलने सर्वाधिक प्रभावी वृद्धि रूप के लिए निम्नलिखित में से सर्वोत्तम सुमेल कौन सा है?
1. i – D; ii – A; iii – B; iv – C
2. i – C; ii – A; iii – D; iv – D
3. i – B; ii – C; iii – D; iv – C
4. i – C; ii – A; iii – D; iv – C

**119.** The table given below lists types of plant communities and types of growth forms.

| Plant communities | | Growth forms | |
|---|---|---|---|
| (i) | Dry grasslands | A | Chamaephytes |
| (ii) | Semi desert | B | Cryptophytes |
| (iii) | Tropical forests | C | Hemicryptophytes |
| (iv) | Tundra | D | Phanerophytes |

Which of the following is the best match for the plant communities with most dominant growth form generally present in that community?
1. i – D; ii – A; iii – B; iv – C
2. i – C; ii – A; iii – D; iv – D
3. i – B; ii – C; iii – D; iv – C
4. i – C; ii – A; iii – D; iv – C

**120.** एक पारिस्थितिकतंत्र में ऊर्जा प्रवाह से संबंधित कुछ सामान्य तथ्य निम्नलिखित हैं:

A. मांसाहारियों की स्वांगीकरण क्षमता शाकाहारियों से उच्चतर होती है।
B. जलीय शाकाहारियों की उपभोग क्षमता स्थलीय शाकाहारियों से उच्चतर होती है।
C. कशेरुकियों की उत्पादन क्षमताएं अकशेरुकियों से उच्चतर होती है।
D. पोषक-स्तर स्थानांतरण क्षमता समुद्रीय की तुलना में स्थलीय खाद्य श्रृंखलाओं में उच्चतर होती है।

उपर्युक्त के आधार पर, सही विकल्प चुनिए।
1. केवल A तथा C
2. केवल A तथा B
3. A, B तथा C
4. A, C तथा D


**120.** Following are some of the generalizations regarding energy flow in an ecosystem:


A. Assimilation efficiency of carnivores is higher than herbivores.
B. Consumption efficiency of aquatic herbivores is higher than terrestrial herbivores.
C. Vertebrates have higher production efficiencies than invertebrates.
D. Trophic-level transfer efficiency is higher in terrestrial food chains than in marine.

Based on the above, select the correct option.
1. Only A and C
2. Only A and B

3. A, B and C
4. A, C and D

**121.** एक परीक्षण में यह दिखाने के लिए कि जैवभूरासायनिक चक्र अंतरक्रिया करते हैं, नाइट्रोजन स्थरीकारक अंगूरों (*गेलेक्टिआ एसपी.*) को $CO_2$ के सामान्य स्तर (नियंत्रित) तथा कृत्रिम रूप से बढ़ाई गई वातावरणीय $CO_2$ (प्रायोगिक) की स्थिति में गमलों में उगाया गया। बढ़े हुए $CO_2$ स्तरों के नाइट्रोजन स्थरीकरण पर प्रभाव का मापन सात वर्षों की अवधि तक किया गया (प्लॉटA) तथा इन पौधों की पत्तियों में लौह एवं मॉलिब्डेनम की सांद्रताओं की गणना अध्ययन के अंत में की गई (प्लॉट B).









उपर्युक्त प्रयोग से निम्नलिखित कौन-सा अनुमान नहीं लगाया जा सकता?

1. N-स्थरीकरण की घटती दर, N-स्थरीकरण के लिए आवश्यक दो सूक्ष्मपोषकों लौह और मॉलिब्डेनम के पत्तियों में घटते स्तरों से सहसंबद्ध है।
2. बढ़ी हुई $CO_2$ के प्रारम्भिक प्रभाव इन पौधों द्वारा N-स्थरीकरण को बढ़ाते हैं।
3. N-स्थरीकरण में निरंतर घटाव $CO_2$ के उच्च उपचार के कारण होती है।
4. बढ़े हुए $CO_2$ स्तर के निरंतर प्रभाव से प्रभावित पौधों की पत्तियों में लौह एवं मॉलिब्डेनम के स्तर निम्न होते हैं।

**121.** In an experiment to show that biogeochemical cycles interact, nitrogen fixing vines (*Galactia* sp.) were grown in plots under normal levels of $CO_2$ (Control) and under artificially elevated atmospheric $CO_2$ (Experimental). Effect of elevated $CO_2$ levels on nitrogen fixation was measured over a period of 7 years (Plot A) and the concentrations of iron and molybdenum in the leaves of these plants were quantified at the end of the study (Plot B).




Which one of the following inferences **CANNOT** be made from the above experiment?

1. Decreasing rate of N-fixation correlates with decreased levels of leaf iron and molybdenum, two micronutrients essential for N-fixation
2. An initial exposure to elevated $CO_2$ increased N-fixation by these plants
3. There is a continuous decrease in N-fixation due to elevated $CO_2$ treatment.
4. Plants exposed to continuous elevated levels of $CO_2$ had lower levels of iron and molybdenum in their leaves

**122.** निम्नलिखित आक्रामक पौधों को उनके उन आवासों के साथ सुमेलित कीजिए, जिनमें उनके मिलने की सम्भावना होती है:

| आक्रामक पौधा | | आवास पर आक्रमण करते हैं | |
|---|---|---|---|
| A | *इकोर्निया क्रेसीपीस* | (i) | शुष्क तथा अर्ध-शुष्क आवास |
| B | *लेंटाना केमारा* | (ii) | शुष्क तथा आर्द्र उष्णकटिबंधीय वन |
| C | *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* | (iii) | आर्द्रभूमि |


1. A – ii, B – i, C – iii
2. A – i, B – iii, C – ii
3. A – iii, B – ii, C – i
4. A – iii, B – i, C – ii

**122.** Match the following invasive plants to the likely habitats in which they are expected to occur:

| Invasive plant | | Habitat(s) that they invade | |
|---|---|---|---|
| A | *Eichhornia crassipes* | (i) | Arid and semi-arid habitats |
| B | *Lantana camara* | (ii) | Dry and moist tropical forests |
| C | *Prosopis juliflora* | (iii) | Wetlands |

1. A – ii, B – i, C – iii
2. A – i, B – iii, C – ii
3. A – iii, B – ii, C – i
4. A – iii, B – i, C – ii

**123.** लोटका-वोल्टेरा परभक्षी-शिकार मॉडल में अतिरिक्त पारिस्थितिकीय कारकों के समावेशन से परभक्षी समनति को बदला जा सकता है। निम्नसूचीबद्ध पारिस्थितिकीय कारकों (i-iii) के कारण होने वाली परभक्षी समनति के रुपांतरण को दर्शाते तीन अवस्था-स्थान आरेख (A-C) नीचे दिए गए हैं
(i) शिकार बहुलता परभक्षी धारक क्षमता के रुप में कार्य करती है।
(ii) वैकल्पिक शिकार (पीड़ित) आबादी की उपलब्धता
(iii) परभक्षी धारक क्षमता शिकार बहुलता के अलावा अन्य कारकों द्वारा निर्धारित की जाती है।





निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा अवस्था-स्थान आरेखों के साथ उनके पारिस्थितिकीय कारकों के सभी सही सुमेलों को दर्शाता है?
1. A – (ii), B – (iii), C – (i)
2. A – (ii), B – (i), C – (iii)
3. A – (iii), B – (ii), C – (i)
4. A – (i), B – (ii), C – (iii)

**123.** Incorporating additional ecological factors into the Lotka-Voltera predator-prey model can change the predator isocline. Given below are three state-space graphs (A-C) representing modification of predator isocline due to the ecological factors listed below (i-iii).
(i) Victim abundance acting as predator carrying capacity

(ii) Availability of alternate prey (victim) population


(iii) Predator carrying capacity determined by factors other than victim abundance




Which one of the following options represents all correct matches of the state-space graphs with their ecological factor?

1. A – (ii), B – (iii), C – (i)
2. A – (ii), B – (i), C – (iii)
3. A – (iii), B – (ii), C – (i)
4. A – (i), B – (ii), C – (iii)


**124.** एक आबादी में पक्षी दो शिकारखोजी लक्षणप्ररूपों, A तथा B को दर्शाते हैं। लक्षणप्ररूप A के पक्षी शिकार को खोजते, आक्रमण करते और पकड़ते हैं तथा लक्षणप्ररूप B के पक्षी, लक्षणप्ररूप A के पक्षियों के शिकार को चुराते हैं। A तथा B ऋणात्मक आवृत्ति-आधारित चयन के माध्यम से आबादी बनाए रखते हैं। नीचे दिया गया आरेख, A की विभिन्न आपेक्षिक आवृत्तियों (B की आवृत्ति = 1 - A की आवृत्ति) पर, A (असतत रेखा) तथा B (सतत रेखा) की योग्यता को दर्शाता है।




निम्नलिखित कथनों में से आरेख किसका समर्थन करता है?

1. A बाह्यस्पर्धा करता है B से; साम्यावस्था पर, A स्थायी हो जाता है।
2. B बाह्यस्पर्धा करता है A से; साम्यावस्था पर, B स्थायी हो जाता है।
3. A तथा B दोनों आबादी में अनुरक्षित हैं; साम्यावस्था आवृत्तियां हैं A= 0.6, B= 0.4.
4. A तथा B दोनों आबादी में अनुरक्षित हैं; साम्यावस्था आवृत्तियां हैं A= 0.9, B= 0.1.

**124.** Birds in a population show two foraging phenotypes, A and B. Birds of phenotype A search, attack and capture prey while birds of phenotype B steal prey from birds of phenotype A. A and B are maintained in the population through negative frequency-dependent selection. The graph below shows the fitness of A (broken line) and B (solid line) at different relative frequencies of A (frequency of B = 1- frequency of A).





Which of the following statements does the graph support?

1. A outcompetes B; at equilibrium, A goes to fixation.
2. B outcompetes A; at equilibrium, B goes to fixation.


3. A and B are both maintained in the population; the equilibrium frequencies are A= 0.6, B= 0.4.
4. A and B are both maintained in the population; the equilibrium frequencies are A= 0.9, B= 0.1.

**125.** मृगों में परभक्षण जोखिम कम करने के लिए समूह बनाने की प्रवृत्ति होती है। शोधकर्ता ने विभिन्न आकार वाले समूहों में प्रत्येक मृग के परभक्षण का मापन किया। उसने पाया कि प्रति मृग मृत्युदर जोखिम, समूह के आकार (सतत रेखा) में नरों की संख्या बढ़ने के साथ घटती है, परंतु मादाओं (असतत रेखा) के लिए अपरिवर्तित बनी रहती है। तदुपरान्त, सभी समूहों में मादा की तुलना में नरों का प्रति मृग मृत्युदर जोखिम अधिक पाया गया।

नीचे दिए आरेख को पहचानिए जो उपर्युक्त निष्कर्षों की उत्तम चित्रण करता है:




**125.** Antelopes are proposed to form groups to reduce the risk of predation. A researcher measured the predation of individuals in groups of different sizes. She found that per capita mortality risk decreased with increasing group size for males (solid line) but remained unchanged for females (dashed line). Furthermore, males in all groups experienced greater per capita mortality risk than females.
Identify the graph below that best depicts the above findings:




**126.** चार विभिन्न संरक्षित क्षेत्रों में पाई जाने वाली प्रमुख स्तनधारी प्रजातियों को नीचे सूचीबद्ध किया गया है:
क्षेत्र A: बाघ, जंगली कुत्ता, तेंदुआ, हाथी
क्षेत्र B: सामान्य लंगूर, मुंजक (बार्किंग डियर), जंगली कुत्ता, हाथी
क्षेत्र C: बाघ, भारतीय गैंडा, बौना सुअर, जंगली सुअर
क्षेत्र D: ब्लैकबग, भारतीय चिंकारा, लकड़बग्घा, भारतीय भेड़िया

वृहत्तम जातिवृत्तीय विविधता वाला क्षेत्र है

1. A
2. B
3. C
4. D

**126.** The prominent mammal species found in four different protected areas are listed below:
Area A: Tiger, Wild dog, Leopard, Elephant
Area B: Common langur, Barking deer, Wild dog, Elephant
Area C: Tiger, Indian rhinoceros, Pygmy hog, Wild pig
Area D: Blackbuck, Indian gazelle, Hyena, Indian wolf

The area with the greatest phylogenetic diversity is

1. A
2. B
3. C
4. D

**127.** हार्डी-वीनबर्ग सिद्धांत के अनुसार किसी आबादी में युग्मविकल्पी आवृत्तियां पीढ़ियों तक स्थिर बनी रहती हैं, यदि कुछ धारणाएं मिलती हैं
A. यादृच्छिक संगम
B. पसंदीदा जीवनसाथी
C. छोटे आकार वाली आबादी
D. बड़े आकार वाली आबादी
E. उत्परिवर्तनों का अभाव
F. दिशात्मक चयन

उपर्युक्त कारकों में से कौन सा पीढ़ियों तक युग्मविकल्पी आवृत्तियों में परिवर्तनों का कारण होगा?

1. A, D तथा F
2. B, D तथा F
3. A, C तथा E
4. B, C तथा F

**127.** The Hardy-Weinberg principle states that allele frequencies in a population will remain constant over generations if certain assumptions are met.

A. Random mating
B. Mate choice
C. Small population size
D. Large population size
E. Lack of mutations
F. Directional selection

Which of the above factors will cause changes in allele frequencies over generations?

1. A, D and F
2. B, D and F
3. A, C and E
4. B, C and F

**128.** नीचे कुछ लक्षण तथा संबंधित कार्य दिए गए है:

| लक्षण | | कार्य | |
|---|---|---|---|
| i | अपसूचन | A | भोजन अर्जित करना |
| ii | आतपन | B | परभक्षण से बचाव |
| iii | समन्वयित शिकार | C | क्षेत्रीय रक्षा |
| iv | गायन | D | तापनियमन |

उपर्युक्त दिए गए लक्षणों के साथ उनके सबसे सुमेलित कार्यों को मिलाइए

1. i-C; ii-D; iii-B; iv-A
2. i-D; ii-B; iii-A; iv-C
3. i-B; ii-D; iii-A; iv-C
4. i-C; ii-A; iii-D; iv-B


**128.** Given below are few traits and related functions:

| TRAIT | | FUNCTION | |
|---|---|---|---|
| i | Aposematism | A | Acquiring food |
| ii | Basking | B | Avoiding predation |
| iii | Cooperative hunting | C | Territory defence |
| iv | Song | D | Thermoregulation |

Match the above given traits to their most likely functions.

1. i-C; ii-D; iii-B; iv-A
2. i-D; ii-B; iii-A; iv-C
3. i-B; ii-D; iii-A; iv-C
4. i-C; ii-A; iii-D; iv-B


**129.** मानव क्रमविकासीय वृक्ष का आरेखीय प्रदर्शन निम्नानुसार है।




उपर्युक्त आरेख में A, B, C तथा D क्रमशः प्रदर्शित करते हैं:

1. डेनिसोवन, *होमो हेबिलिस, होमो इरेक्टस, होमो निएंडरथेलेंसिस*
2. *होमो हेबिलिस, होमो इरेक्टस, होमो निएंडरथेलेंसिस,* डेनिसोवन
3. *होमो इरेक्टस, होमो हेबिलिस, होमो निएंडरथेलेंसिस,* डेनिसोवन
4. *होमो इरेक्टस,* डेनिसोवन, *होमो निएंडरथेलेंसिस, होमो हेबिलिस*

**129.** Following is a diagrammatic representation of human evolutionary tree.




In the above diagram A, B, C and D respectively represent:

1. Denisovan, *Homo habilis, Homo erectus, Homo neanderthalensis*
2. *Homo habilis, Homo erectus, Homo neanderthalensis,* Denisovan
3. *Homo erectus, Homo habilis, Homo neanderthalensis,* Denisovan
4. *Homo erectus,* Denisovan, *Homo neanderthalensis, Homo habilis*

130. नीचे कॉलम X में प्राणियों के नाम तथा टेलिओस्ट मछलियों में गौण श्वसनीय अंग (कॉलम Y) दिए गए हैं।

| कॉलम X | | कॉलम Y | |
|---|---|---|---|
| A | *एनाबस* | (i) | लेबिरिंथी अंग |
| B | *क्लेरिअस* | (ii) | वायुकोष |
| C | *एम्फिप्नस* | (iii) | सुप्रा ब्रेंकियल गुहा |
| D | *चेन्ना* | (iv) | वृक्षसम अंग |

धारित गौण श्वसनीय अंगों सहित प्राणियों के सही सुमेल है:

1. A – iv, B – iii, C – ii, D – i
2. A – iii, B – iv, C – i, D – ii
3. A – i, B – iv, C – ii, D – iii
4. A – ii, B – i, C – iii, D – iv

130. Given below are names of the animals in column X and the accessory respiratory organs in teleost fishes (column Y).

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A | *Anabas* | (i) | Labyrinthine organ |
| B | *Clarias* | (ii) | Air sacs |
| C | *Amphipnous* | (iii) | Supra branchial cavity |
| D | *Channa* | (iv) | Arborescent organ |

The correct match of the animals with the accessory respiratory organs they have are:

1. A – iv, B – iii, C – ii, D – i
2. A – iii, B – iv, C – i, D – ii
3. A – i, B – iv, C – ii, D – iii
4. A – ii, B – i, C – iii, D – iv

131. विकासीय घटनाओं या विशिष्ट शरीर संरचनाओं को अभिव्यक्त करने वाले कुछ शब्द कॉलम X में दिए गए हैं तथा उनसे संबद्ध प्राणियों के नाम कॉलम Y में दिए गए हैं:

| कॉलम X | | कॉलम Y | |
|---|---|---|---|
| A | विमोटन | (i) | सितारा मछली |
| B | समैकान्तरण | (ii) | *ओबेलिया* |
| C | प्रमोचन | (iii) | *टीनिया* |
| D | वृंतपद | (iv) | सेबघोंघा |

कॉलम Y में दिए प्राणियों के नाम के साथ कॉलम X में दिए गए शब्दों का सही सुमेल है:

1. A – i, B – ii, C – iii, D – iv
2. A – iv, B – ii, C –iii, D – i
3. A – iii, B – i, C – ii, D – iv
4. A – ii, B – iv, C – i, D – iii

131. The terms expressing some of the developmental events or specific body structures are given in column X and the names of animals that are associated with them in column Y:

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A | Torsion | (i) | Star fish |
| B | Metagenesis | (ii) | *Obelia* |
| C | Apolysis | (iii) | *Taenia* |
| D | Pedicellaria | (iv) | Apple snail |

The correct match of the terms in column X with the name of animals in column Y is:

1. A – i, B – ii, C – iii, D – iv
2. A – iv, B – ii, C –iii, D – i
3. A – iii, B – i, C – ii, D – iv
4. A – ii, B – iv, C – i, D – iii

132. पौधों के नाम और उनके शारिरिकीय गुणों को तालिका में सूचिबद्ध किया गया है।

| शारिरिकीय गुण | | पौधे | |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रोस्टील, फ्लोयम द्वारा घिरा हुआ जाइलम कोर | A | *लाइकोपोडियम* |
| (ii) | साइफोनोस्टील,केंद्रीय पिथ उपस्थित या मेडुलीकृत प्रोटोस्टील | B | *मारसीलिया* राइज़ोम |
| (iii) | युस्टील, पिथ के किनारों पर संयुक्त संवहन न्यास | C | *सिलेजिनेला* प्रजातियां |
| | | D | *इक्विसिटम* |

पौधे के साथ उनके अभिलक्षित गुणों के सही सुमेल वाले विकल्प को चुनिए।

1. i – C; ii – B; iii – D
2. i – A; ii – C; iii – D
3. i – C; ii – A; iii – B
4. i – A; ii – B; iii – D

132. The table lists characteristic anatomical features and names of plants.

| Anatomical features | | Plants | |
|---|---|---|---|
| (i) | Prostele, xylem core surrounded by phloem | A | *Lycopodium* |
| (ii) | Siphonostele, centre pith present or medulated protostele | B | *Marsilea* rhizome |
| (iii) | Eustele, conjoint vasculature on edges of the pith | C | *Selaginella* species |
| | | D | *Equisetum* |

Choose the option that correctly matches

plant with their characteristic features.

1. i – C; ii – B; iii – D
2. i – A; ii – C; iii – D
3. i – C; ii – A; iii – B
4. i – A; ii – B; iii – D

133. नीचे दी गई तालिका में पादप वंश और मादा युग्मकोद्भिद की सूची दी गई है।

| मादा युग्मकोद्भिद | | पादप वंश | |
|---|---|---|---|
| (i) | एकलबीजाणुयुक्त,8 केंद्रकीय | A | *एलियम* |
| (ii) | एकलबीजाणुयुक्त, 4 केंद्रकीय | B | *ओयेनोथेरा* |
| (iii) | द्विबीजाणुयुक्त, 8 केंद्रकीय | C | *पेपेरोमिया* |
| (iv) | चतुर्बीजाणुयुक्त, 16 केंद्रकीय | D | *पॉलीगोनम* |

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा पादप वंश के साथ मादा युग्मकोद्भिद लक्षण का सही सुमेल है?

1. i-D; ii-C; iii-A; iv-B
2. i-D; ii-B; iii-A; iv-C
3. i-A; ii-B; iii-D; iv-C
4. i-D; ii-B; iii-C; iv-A

133. The table given below provides a list of female gametophyte features and plant genera

| Female Gametophyte | | Plant Genera | |
|---|---|---|---|
| (i) | Monosporic, 8 nucleate | A | *Allium* |
| (ii) | Monosporic, 4 nucleate | B | *Oenothera* |
| (iii) | Bisporic, 8 nucleate | C | *Peperomia* |
| (iv) | Tetrasporic, 16 nucleate | D | *Polygonum* |

Which one of the following options correctly matches the plant genera to female gametophyte features?

1. i-D; ii-C; iii-A; iv-B
2. i-D; ii-B; iii-A; iv-C
3. i-A; ii-B; iii-D; iv-C
4. i-D; ii-B; iii-C; iv-A

134. उच्च पौधों की काष्ठ शारिरिकी से संबंधित कुछ सामान्य तथ्य निम्नलिखित हैं:

A. शंकुवृक्ष काष्ठों का शीर्षस्थ तंत्र प्रमुखरूप से अथवा पूरी तरह से वाहिनिकाओं का बना होता है।

B. शंकुवृक्षों की रेखाएं प्रारुपिकतौर पर केवल मृदूतक कोशिकाओं की बनी होती हैं।

C. आवृतबीजियों की रेखाएं प्रारुपिकतौर पर दृढ़ोतक कोशिकाओं और वाहिनिकाओं दोनों की बनी होती हैं।

D. आवृतबीजी काष्ठ या तो विसरित-सरंध्रीय अथवा वलय-सरंध्रीय हो सकती है।

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सभी सही कथनों को दर्शाता है?

1. केवल A तथा B
2. केवल A तथा D
3. केवल B तथा C
4. केवल C तथा D

134. Following are some generalizations related to wood anatomy of higher plants:

A. The axial system of conifer woods consist mainly or entirely of tracheids.

B. The rays of conifers typically contain only parenchyma cells.

C. The rays of angiosperms typically contain both sclerenchyma cells and tracheids.

D. Angiosperm wood may be either diffuse-porous or ring-porous.

Which one of the following options represents all correct statements?

1. A and B only
2. A and D only
3. B and C only
4. C and D only

135. एक क्षेत्र पारिस्थितिकीविज्ञ ने चार पादप समुदायों में प्रजाति विविधता के अध्ययन के लिए निम्नलिखित आंकड़े (बहुलता मान) एकत्र किए।

| प्रजाति | समुदाय | | | |
|---|---|---|---|---|
| | $C_1$ | $C_2$ | $C_3$ | $C_4$ |
| Sp1 | 90 | 0 | 0 | 40 |
| Sp2 | 60 | 0 | 0 | 65 |
| Sp3 | 15 | 25 | 25 | 40 |
| Sp4 | 0 | 180 | 0 | 0 |
| Sp5 | 25 | 0 | 215 | 45 |
| Sp6 | 65 | 0 | 20 | 55 |

उपर्युक्त प्रेक्षणों के आधार पर, पारिस्थितिकीविज्ञ ने निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले:

A. पादप समुदाय $C_1$ तथा $C_4$ एक दूसरे में अत्यधिक समानता दर्शाते हैं।
B. पादप समुदाय $C_1$ तथा $C_4$ साथ ही साथ पादप समुदाय $C_2$ तथा $C_3$ एक दूसरे से अत्यधिक समानता दर्शाते हैं।
C. पादप समुदाय $C_1$ सर्वाधिक विविधता वाला है।
D. पादप समुदाय $C_4$ सर्वाधिक विविधता वाला है।

उपर्युक्त निष्कर्षों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?
1. सभी निष्कर्ष सही हैं।
2. केवल A तथा D निष्कर्ष सही हैं।
3. केवल A तथा C निष्कर्ष सही हैं।
4. केवल B तथा D निष्कर्ष सही हैं।


**135.** A field ecologist gathers following data (abundance values) in order to study diversity of species in four plant communities.

| Species | Community | | | |
|---|---|---|---|---|
| | $C_1$ | $C_2$ | $C_3$ | $C_4$ |
| Sp1 | 90 | 0 | 0 | 40 |
| Sp2 | 60 | 0 | 0 | 65 |
| Sp3 | 15 | 25 | 25 | 40 |
| Sp4 | 0 | 180 | 0 | 0 |
| Sp5 | 25 | 0 | 215 | 45 |
| Sp6 | 65 | 0 | 20 | 55 |

Based on the above observations, the ecologist draws following conclusions:
A. Plant communities $C_1$ and $C_4$ show strong similarity with each other
B. Plant communities $C_1$ and $C_4$ as well as communities $C_2$ and $C_3$ show strong similarity with each other
C. Plant community $C_1$ is most diverse
D. Plant community $C_4$ is most diverse

Which of the following statements is correct regarding above conclusions?
1. All the conclusions are correct
2. Only conclusions A and D are correct
3. Only conclusions A and C are correct
4. Only conclusions B and D are correct


**136.**






एक स्वस्थ व्यक्ति से ली गई रुधिर प्लाजमा प्रोटीनों (एल्बुमिन एवम् ग्लोबुलिन) को ऊपर दिखाए अनुसार वैद्युतकणसंचलन द्वारा पृथक किया गया। तीव्र प्रदाह की पहचान निम्नलिखित प्रेक्षणों में से एक के आधार पर की जा सकती है:
1. α1 तथा α2 दोनों में वृद्धि; एल्बुमिन में कमी।
2. एल्बुमिन में वृद्धि; α1, α2 तथा β में कमी।
3. एल्बुमिन में वृद्धि तथा γ-ग्लोबुलिन में कमी।
4. केवल एल्बुमिन में कमी।

**136.**




The blood plasma proteins (albumin and globulins) from a healthy person were separated by electrophoresis as shown above. The diagnosis of acute inflammation can be done based on one of the following observations:
1. Increase in both α1 and α2; decrease in albumin.
2. Increase in albumin; decrease in α1, α2 and β.
3. Increase in albumin and decrease in γ-globulin.
4. Only decrease in albumin.

**137.** पारजीनी पादपों में पारजीन के अभिव्यक्ति स्तरों में विविधता प्रदान करने वाले कारकों के संबंध में निम्नलिखित कथन दिए गए हैं:
A. टी-डीएनए में अवरोध एंजाइम स्थलों में अंतर
B. पारजीन की प्रतिलिपि संख्या में अंतर
C. पादप जीनोम में टी-डीएनए के समाकलन स्थल में विविधताएं
D. टी-डीएनए प्रक्षेत्र में बहु प्रवर्तकों की उपस्थिति

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा कथनों के संयोजन को दर्शाता है जो समान टी-डीएनए/द्विचर वाहक के उपयोग से उत्पन्न पारजीनी पादपों में पारजीन अभिव्यक्ति स्तरों में विविधता उत्पन्न **नहीं** करेगा?
1. केवल A तथा C
2. B केवल

3. केवल C तथा D
4. केवल A तथा D


137. Following statements were given regarding factors influencing variation in expression levels of transgene in transgenic plants:

A. Difference in restriction enzyme sites within the T-DNA.
B. Difference in copy number of the transgene.
C. Variations in site of integration of the T- DNA within the plant genome.
D. Presence of multiple promoters within the T-DNA region.

Which one of the following options represents a combination of statements that would **NOT** lead to variations in transgene expression levels in transgenic plants generated using the same T-DNA/binary vector?

1. A and C only
2. B only
3. C and D only
4. A and D only

138.





उपर्युक्त चित्र 280 नैनोमीटर पर उत्तेजित तीन विभिन्न प्रोटीनों, प्रोटीन (X), प्रोटीन (Y), तथा प्रोटीन (Z) के प्रतिदीप्ति उत्सर्जन वर्णक्रम को दर्शाता है।

दिए गए कथनों में से एक सही व्याख्या करता है:

1. प्रोटीन (Y) तथा (Z) में ट्रिप्टोफेन है जबकि प्रोटीन (X) में केवल फेनिलएलानीन है।
2. प्रोटीन (X) में केवल टाइरोसीन तथा प्रोटीन (Y) में सतह पर ट्रिप्टोफेन है, जबकि प्रोटीन (Z) में अंदर धंसा हुआ ट्रिप्टोफेन है।
3. प्रोटीन (X) में अंदर धंसा हुआ ट्रिप्टोफेन है जबकि प्रोटीनों (Y) तथा (Z) में सतह पर ट्रिप्टोफेन है।
4. प्रोटीन (X) में केवल टाइरोसीन है तथा प्रोटीन (Y) में धंसा हुआ ट्रिप्टोफेन है, एवम् प्रोटीन (Z) में सतह पर ट्रिप्टोफेन है।

138.




The above figure shows the fluorescence emission spectra of three different proteins: Protein (X), Protein (Y), and Protein (Z) excited at 280 nm.

Which one of the following statements gives the correct interpretation.

1. Proteins (Y) and (Z) have tryptophan while protein (X) has only phenylalanine.
2. Protein (X) has only tyrosine and protein (Y) has tryptophan on the surface while protein (Z) has tryptophan buried inside.
3. Protein (X) has tryptophan buried inside while proteins (Y) and (Z) have tryptophan on the surface.
4. Protein (X) has only tyrosine and protein (Y) has tryptophan buried and protein (Z) has tryptophan on the surface.

139. प्रकाश सूक्ष्मदर्शिकी के लिए नमूनों को सामान्यतः ऐसे रसायनों जो, कोशिकीय संघटकों को पारसंयोजन/विगुणीकृत करते हैं, युक्त घोलों के साथ स्थरीकृत किया जाता है। सामान्यतौर पर प्रयुक्त स्थरीकारक जैसे फार्मेल्डिहाइड और मैथेनॉल नीचे दर्शाए गए विविध तरीकों से कार्य कर सकते हैं:

A. फार्मेल्डिहाइड निकटवर्ती अणुओं पर अमीनो समूहों को पारसंयोजित करते हैं तथा प्रोटीन-प्रोटीन एवम् प्रोटीन-न्यूक्लिकअम्ल अंतरक्रियाओं को स्थिर करते हैं।
B. मैथेनॉल एक विगुणीकृत स्थरीकारक के रूप में काम करता है तथा जलरोधी अंतरक्रियाओं को विघटित करके प्रोटीन अणुओं की घुलनशीलता को कम करता है।
C. फार्मेल्डिहाइड जैविक झिल्लियों में वसा पुच्छों को पारसंयोजित करता है।

CH

D. मैथेनॉल न्यूक्लिकअम्लों पर कार्य करता है, प्रोटीनों के साथ न्यूक्लिकअम्लों को पारसंयोजित करता है और इस तरह प्रोटीन-न्यूक्लिकअम्ल अंतरक्रियाओं को स्थिर करता है।

निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा सभी सही कथनों को प्रदर्शित करता है?

1. A तथा C
2. B तथा C
3. B तथा D
4. A तथा B


**139.** Specimens for light microscopy are commonly fixed with a solution containing chemicals that crosslink/denature cellular constituents. Commonly used fixatives such as formaldehyde and methanol could act in various ways as described below:

A. Formaldehyde crosslinks amino groups on adjacent molecules and stabilizes protein-protein and protein-nucleic acid interactions.
B. Methanol acts as a denaturing fixative and acts by reducing the solubility of protein molecules by disrupting hydrophobic interactions.
C. Formaldehyde crosslinks lipid tails in biological membranes.
D. Methanol acts on nucleic acids, crosslinks nucleic acids with proteins and thus stabilizes protein-nucleic acid interactions.

Which one of the following combinations represents all correct statements?

1. A and C
2. B and C
3. B and D
4. A and B

**140.** तीन अभिनव सिग्मा कारकों की उनके प्रवर्तकों हेतु विशिष्टता स्थापित करने के लिए धारावाहित अनुलेखन परीक्षण किए गए। प्रयोगों के परिणाम नीचे दर्शाए गए हैं:





इन परिणामों से निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए:

A. $\sigma^A$, $P_2$ से तथा $\sigma^B$, $P_1$ से अनुलेखन की शुरुआत करता है।
B. $\sigma^C$ दोनों प्रवर्तकों से अनुलेखन की शुरुआत कर सकता है।
C. $\sigma^B$, $P_2$ से अनुलेखन की शुरुआत को रोकता है।
D. $\sigma^A$, $P_1$ से अनुलेखन की शुरुआत करता है।

विकल्प चुनिए जो परिणामों की सही ढंग से व्याख्या करता है।

1. केवल A, B तथा C
2. केवल A तथा B
3. केवल C तथा D
4. केवल B, C तथा D

**140.** Run off transcription assays were performed to establish the specificity of three novel sigma factors for their promoters. Results of the experiments are shown below:




Following inferences were made from these results:

A. $\sigma^A$ initiates transcription from $P_2$ and $\sigma^B$ from $P_1$.
B. $\sigma^C$ can initiate transcription from both promoters.
C. $\sigma^B$ prevents initiation of transcription from $P_2$.
D. $\sigma^A$ initiates transcription from $P_1$.

Choose the option that correctly interprets the results.

1. A, B and C only
2. A and B only
3. C and D only
4. B, C and D only

**141.** लक्षणप्ररूपिक प्रेक्षण के आधार पर, यह निष्कर्ष निकाला गया कि सस्यविज्ञान के परिपेक्ष्य से महत्वपूर्ण लक्षण के लिए उत्तरदायी एक अज्ञात जीन एक विशेष पौधे में उपस्थित है। जीन की पहचान करने के लिए, शोधकर्ता निम्नलिखित विधियों के उपयोग को प्रस्तावित करता है:

A. जीन का पीसीआर प्रवर्धन
B. जीन की मानचित्र आधारित क्लोनिंग
C. व्यवकलित डीएनए संकरण
D. जीनोम अनुक्रमण
E. लक्षण से संलग्न आणविक चिन्हकों को विकसित करना

निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा अज्ञात जीन की पहचान करने के लिए सबसे उपयुक्त है?

1. A तथा C
2. B तथा E
3. केवल C
4. A तथा D

141. Based upon phenotypic observation, it was concluded that an unknown gene responsible for an agronomically important trait is present in a particular plant. In order to identify the gene, a researcher proposes to use the following strategies:

A. PCR amplification of the gene.
B. Map based cloning of the gene.
C. Subtractive DNA hybridization
D. Genome sequencing
E. Develop molecular markers linked to the trait

Which one of the following options is most suitable for identifying the unknown gene?

1. A and C
2. B and E
3. C only
4. A and D

142. एक $T_0$ पारजीनी पौधे में टी-डीएनए की दो असंयोजित प्रतिलिपियां हैं, जिनमें से एक सक्रिय है और दूसरी निष्क्रिय है। पारजीनी से अपारजीनी लक्षणप्ररूप का पृथक्करण, पश्चसंकरण से प्राप्त संतति में ___(i)___ अनुपात तथा स्व-परागण द्वारा प्राप्त $F_1$ संतति में ___(ii)___ अनुपात में होगा।

नीचे दिए गए विकल्पों से (i) and (ii) के सही संयोजन के साथ रिक्त स्थान भरिए:

1. (i) – 3:1 तथा (ii) – 15 : 1
2. (i) – 1:1 तथा (ii) – 3 : 1
3. (i) – 3:1 तथा (ii) – 3 : 1
4. (i) – 1:1 तथा (ii) – 15 : 1

142. A $T_0$ transgenic plant contains two unlinked copies of the T-DNA of which, one is functional and the other is silenced. Segregation of the transgenic to non-transgenic phenotype would occur in a ___(i)___ ratio in progeny obtained by backcrossing and in a ___(ii)___ ratio in $F_1$ progeny obtained by self-pollination.

Fill in the blanks with the correct combination of (i) and (ii) from the options given below:

1. (i) – 3:1 and (ii) – 15 : 1
2. (i) – 1:1 and (ii) – 3 : 1
3. (i) – 3:1 and (ii) – 3 : 1
4. (i) – 1:1 and (ii) – 15 : 1

143. कॉलम X में दो बीमारियों की सूची तथा कॉलम Y में इन बीमारियों के नित्य नैदानिक पहचान के लिए प्रयुक्त प्रोटीनों के नाम की सूची दी गई है।

| कॉलम X | | कॉलम Y | |
|---|---|---|---|
| A | हृदयपेशीय रोधगलन | (i) | एमाइलेज |
| B | अग्नाशयशोथ | (ii) | क्रिएटिन काइनेज़ |
| | | (iii) | लाइपेज़ |
| | | (iv) | ट्रोपोनिन |

सही संयोजन ढूंढिए

1. A – ii; B – i; A – iv; B – iii
2. A – iii; B – iv; A – ii; B – i
3. A – i; B – ii; A – iii; B – iv
4. A – iv; B – iii; A – i; B – ii

143. Column X lists two diseases and column Y lists name of proteins which are commonly used for routine clinical diagnosis of these diseases

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A | Myocardial Infarction | (i) | Amylase |
| B | Pancreatitis | (ii) | Creatine kinase |
| | | (iii) | Lipase |
| | | (iv) | Troponin |

Find out the correct combination

1. A – ii; B – i; A – iv; B – iii
2. A – iii; B – iv; A – ii; B – i
3. A – i; B – ii; A – iii; B – iv
4. A – iv; B – iii; A – i; B – ii

144. एक दिए गए क्षेत्र में टिड्डों की आबादी के आकार का निर्धारण करने के चरणों को नीचे दिया गया है:

A. नियत समयावधि में अध्ययन क्षेत्र से 'n' जीवों को यादृच्छिक रूप से एकत्रित किया गया।
B. पकड़े गए टिड्डों की गणना की गई, चिन्हित किया गया तथा एकत्रण स्थल पर छोड़ दिया गया। अगले दिन, टिड्डों को उसी स्थल से उसी समयावधि में पकड़ा गया। चिन्हित ($n_m$) एवम् अचिन्हित ($n_u$) टिड्डों को अलग-अलग करके उनकी गणना की गई।
C. इस पकड़ने-छोड़ने और पुनःपकड़ने को तब तक जारी रखा गया जब तक कि 100% चिन्हित टिड्डों को प्राप्त नहीं कर लिया गया।
D. आबादी के आकार (N) को निम्नानुसार आंकलित किया गया:

$$\frac{N}{n} = \frac{n_m + n_u}{n_m}$$

E. आबादी के आकार (N) को निम्नानुसार आंकलित किया गया:

$$\frac{N}{n} = \frac{n_u}{n_m}$$

चिन्ह-पुनःपकड़ विधि द्वारा आबादी के आकार का आंकलन करने के लिए चरणों का सबसे उपयुक्त संयोजन है :

1. A, B तथा D
2. A, B तथा E
3. A, B, C तथा D
4. A, B, C तथा E

**144.** Given below are the steps to assess the population size of grasshoppers in a given area:

A. 'n' individuals are collected randomly from the study area in a defined period of time.

B. The captured individuals are counted, marked and released at the site of collection. Next day, individuals are captured from the same site for same length of time. Number of marked ($n_m$) and unmarked ($n_u$) individuals are separated and counted.

C. This capture-release and recapture is continued till one gets 100% marked individuals.

D. The size of the population (N) is estimated as follows:

$$\frac{N}{n} = \frac{n_m + n_u}{n_m}$$

E. The size of population (N) is estimated as follows:

$$\frac{N}{n} = \frac{n_u}{n_m}$$

The most appropriate combination of steps for estimating population size using mark-recapture method is:

1. A, B and D
2. A, B and E
3. A, B, C and D
4. A, B, C and E

**145.** एक स्नायुक्रियाविज्ञानी की रुचि पैच-क्लेम्प तकनीक का उपयोग करने में थी। निम्नलिखित कथन इस तकनीक से संबंधित हैं:

A. आयन चैनलों का अंतराकोशिकीय चलन।

B. आयन चैनल प्रोटीन का पश्च-अनुवादीय रूपांतरण।

C. संलग्नक जो आयन चैनल के खुलने या बंद होने को नियंत्रित करता है।

D. एकल आयन चैनल में धारा प्रवाह में परिवर्तन।

निम्नलिखित संयोजनों में से कौन सा पैच-क्लेम्प तकनीक के उपयोग हेतु सफल होगा?

| | |
|---|---|
| 1. A तथा B | 2. B तथा C |
| 3. C तथा D | 4. D तथा A |

**145.** A neurophysiologist was interested in using the patch-clamp technique. Following statements are related to this technique:

A. Intracellular movement of ion channels.

B. Post-translational modification of the ion channel protein.

C. Ligand that controls the opening or closing of ion channels.

D. Change in current flow in a single ion channel.

Which one of the following combinations will be achievable using the patch-clamp technique?

| | |
|---|---|
| 1. A and B | 2. B and C |
| 3. C and D | 4. D and A |

FOR ROUGH WORK